हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 217, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 29 जनवरी, 2023 दिन रविवार | गाजीपुर/वाराणसी

## मुरैना में वायुसेना के दो लड़ाकू विमान क्रैश

### एक पायलट की मौत, सुखोई-30 और मिराज कर रहे थे अभ्यास

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश में बड़ी हवाई दुर्घटना हुई है। लड़ाकू विमान सुखोई-30 और मिराज-2000 क्रैश हो गए हैं। एक समाचार एजेंसी ने रक्षा सूत्रों के हवाले से बताया कि ये हादसा मुरैना के पास हुआ है। बताया जा रहा है कि दोनों लड़ाकू विमान अभ्यास कर रहे थे, तभी ये हादसा हो गया।

जानकारी के मुताबिक, विमान हादसा पहाड़गढ़ से करीब पांच किमी दूरी निरार रोड पर मड़वाली माता के पास हुआ है। पहाड़गढ़ क्षेत्र के लोगों को जंगल में तेज आवाज सुनाई दी। जब वे मौके पर पहुंचे तो वहां पर विमान का मलबा पड़ा हुआ था और उसमें आग लगी हुई थी। हादसे की खबर पाते ही प्रशासन घटनास्थल पर रवाना हो गया। विमान हादसे की वजह का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में एक की मौत हो गई है, जबकि दो लोगों के घायल होने की खबर है। रक्षा सूत्रों ने ये भी बताया कि दोनों विमानों ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर हवाई ठिकाने से उड़ान भरी थी। वहां अभ्यास चल रहा



था। दोनों फाइटर प्लेन के आपस में टकराए या नहीं, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। वायुसेना इसके लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी करेगी। सूत्रों ने बताया कि हादसे के वक्त सुखोई में 2 पायलट थे, जबकि मिराज में एक पायलट था। प्रारंभिक रिपोर्ट में पता चला है कि दो पायलट सुरक्षित हैं, जबकि हेलीकॉप्टर तीसरे पायलट के स्थान पर जल्द ही पहुंच रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हादसे पर नजर बनाए हुए हैं। राजनाथ सिंह सीडीएस जनरल अनिल चौहान और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी के संपर्क में हैं। उन्हें वीआर चौधरी ने दो विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी दी।

### भरतपुर में चार्टर्ड विमान क्रैश, गिरते ही लगी आग राख का ढेर बना, दो लोगों के सवार होने की आशंका

भरतपुर। भरतपुर जिले के उच्चैन क्षेत्र में शनिवार सुबह भारतीय वायु सेना का मिग विमान क्रैश हो गया। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही तुरंत स्थानीय पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंच गया। वायु सेना के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। संभावना जताई जा रही है कि यह विमान उत्तर प्रदेश के आगरा वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरा था। फिलहाल, वायु सेना हादसे के कारणों का पता लगा रही है। डिफेंस पीआरओ कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया, हादसा होने की सूचना मिली है। पता लगाया जा रहा है कि कौन सा विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। नगला बीजा के ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 10.30 बजे अचानक से आसमान में से लहराता हुआ एक फाइटर प्लेन आबादी के बाहर गांव के खेतों में गिर गया। प्लेन क्रैश की आवाज से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। गांव के सैकड़ों लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। गांव के बाहर जगह-जगह प्लेन के टुकड़े बिखर गए। उधर, सूचना पाकर स्थानीय प्रशासन और पुलिस भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बताया कि प्लेन क्रैश के मलबे में कहीं भी पायलट या अन्य घायल नजर नहीं आया। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि दुर्घटना से पहले पायलट, प्लेन से सुरक्षित बाहर निकल गया होगा। हालांकि, इस पूरी घटना को लेकर अभी तक रक्षा विभाग या हवाई सेना की ओर से कोई भी आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

### 'कर्नाटक में अगला विधानसभा चुनाव हार सकती है भाजपा' : पवार

कोल्हापुर। कर्नाटक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी रणनीतियों पर काम शुरू कर दिया है। इसी बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को दावा किया कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सत्ता बरकरार नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि हम विपक्षी दलों को एकजुट करने और एक संयुक्त मोर्चा तैयार करने की कोशिशों में जुटे हुए हैं, लेकिन सभी राज्यों में अलग-अलग स्थानीय मुद्दे हैं। पवार ने एक जनमत सर्वे का हवाला देते हुए बताया कि भाजपा के खिलाफ जनता ने अपना मन बना लिया है। ऐसे में अगले चुनाव में उन्हें (भाजपा) बड़ा झटका लग सकता है। लोग अब धार्मिक मुद्दों पर मतदान नहीं करेंगे। जनता को धर्म के आधार पर बांटा जा रहा है, जो अब नहीं चलेगा। इसी बीच पवार ने भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि इस यात्रा ने जनता का समर्थन हासिल कर लिया है और इसे मिल रही प्रतिक्रियाओं से देखा जा सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देशव्यापी यात्रा के दम पर पार्टी नेता (राहुल गांधी) की भ्रामक छवि को सुधारा है। वंचित बहुजन अगाड़ी के अध्यक्ष प्रकाश अम्बेडकर के सीबीआई, ईडी वाले बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है और लोगों के अधिकारों को कुचला जा रहा है।

## मैं यज्ञ में शामिल होने आया तो बीजेपी ने मुझे रोकने के लिए गुंडे भेजे : अखिलेश

लखनऊ। डालीगंज में गोमती किनारे हो रहे मां पितांबरा 108 महायज्ञ में पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को बीजेपी युवा मोर्चा ने काले झंडे दिखाकर जमकर नारे बाजी की। बीजेपी युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने अखिलेश यादव मुदार्बाद के नारे लगाए। जिसके बाद अखिलेश भाजपा पर भड़क उठे। अखिलेश ने कहा कि बीजेपी हमे मंदिर जाने से भी रोकती है। कहीं जाओ तो अपने गुंडे भेज देती है। अखिलेश यादव ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि बीजेपी ने मुझे रोकने के लिए गुंडे भेजे थे। मैं धर्म यज्ञ में शामिल होने जा रहा था पर ये बात भाजपा के लोगों को हजम नहीं हुई और उन्होंने मुझे यज्ञ में जाने से रोकने के लिए अपने गुंडे भेज दिए। इतना ही नहीं अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि भाजपा के लोग हमे शूद्र समझते हैं। आयोजकों ने मुझे आमंत्रित किया था। पर यहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे। पुलिस अधिकारी भी मौजूद नहीं थे। बता दें कि सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के पवित्र ग्रन्थ रामचरितमानस और साधु संतों पर दिए गए एक के बाद एक विवादित बयान के चलते पूरे यूपी में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। साधु संतों ने भी अखिलेश यादव से स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी।

**स्वामी प्रसाद ने ट्वीट कर साधु संतों पर बोला था हमला-**



इससे पूर्व स्वामी प्रसाद ने ट्वीट कर कहा था कि देश की महिलाओं, आदिवासियों, दलितों एवं पिछड़ों के सम्मान की बात क्या कर दी, मानो भूचाल आ गया। एक-एक करके संतो, महंतों, धमार्चार्यों का असली चेहरा बाहर आने लगा। सिर, नाक, कान काटने पर उतर आये। कहावत सही है कि मुंह में राम बगल में छुरी। धर्म की चादर में छिपे, भेड़ियों से बनाओ दूरी।

**साधु संतों को स्वामी प्रसाद ने कहा था आतंकवादी, महाशैतान या जल्लाद**– इतना ही नहीं स्वामी प्रसाद ने यह भी कहा कि अभी हाल में दिये गये बयान पर कुछ धर्म के ठेकेदारों ने मेरी जीभ काटने एवं सिर काटने वालों को इनाम घोषित किया है, अगर यही बात कोई और कहता तो यही ठेकेदार उसे आतंकवादी कहते, किंतु अब इन संतों, महंतों, धमार्चार्यों व जाति विशेष लोगों को क्या कहा जाए आतंकवादी, महाशैतान या जल्लाद।

### अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट, मायावती बोलीं- सरकार के निवेश और देश की अर्थव्यवस्था का क्या होगा

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद सरकार पर हमला बोला है। मायावती ने कहा कि इस रिपोर्ट से शेयर बजार पर बुरा प्रभाव पड़ा है। लोगों की गाढ़ी कमाई जुड़ी है और सरकार चुप है। बसपा प्रमुख मायावती ने ट्वीट कर कहा कि देश में पिछले दो दिनों से गणतंत्र दिवस से ज्यादा प्रमुख अदाणी उद्योग ग्रुप के सम्बंध में अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग की आई निगेटिव रिपोर्ट व उसका शेयर बाजार पर व्यापक बुरा प्रभाव आदि काफी चचाओं में है। सरकार चुप है जबकि देश के करोड़ों लोगों की गाढ़ी कमाई उससे जुड़ी हुई है। इतना ही नहीं मायावती ने यह भी कहा कि शेयरों में धोखाधड़ी आदि के आरोपों के बाद अदाणी की सम्पत्ति में 22.6 अरब डालर की कमी व उनके विश्व रैंकिंग घटने से ज्यादा लोग इससे चिन्तित हैं कि सरकार ने ग्रुप में जो भारी निवेश कर रखा है उसका क्या होगा? अर्थव्यवस्था का क्या होगा? बेचैनी व चिन्ता स्वाभाविक। समाधान जरूरी। मायावती बोलीं कि संसद के 31 जनवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र के प्रारंभ में ही सरकार को इस मुद्दे पर विस्तार से स्वयं ही वक्तव्य सदन के दोनों सदन में रखना चाहिए ताकि पूरे देश में व खासकर अर्बन मिडिल क्लास परिवारों में आर्थिक जगत तथा अदाणी ग्रुप आदि को लेकर छाई बेचैनी व मायूसी थोड़ी कम हो सके।

## 'अल्लाह ने बनाया तो वही सब ठीक भी करेंगे', आर्थिक संकट के बीच पाकिस्तान के वित्त मंत्री का बड़ा बयान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान क्यों न कंगाली की गर्त में डूबता जा रहा हो लेकिन उसके मंत्री अभी भी बयानबाजी से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला है वित्त मंत्री इशाक डार की जिन्होंने देश के लोगों की नाराजगी कम करने के लिए धार्मिक कार्ड खेलना शुरू कर दिया है। वित्त मंत्री इशाक डार ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान इस्लाम के नाम पर स्थापित एकमात्र देश है और इसके विकास और समृद्धि के लिए अल्लाह जिम्मेदार है, क्योंकि नकदी संकट से जूझ रहे देश को भुगतान संकट का गंभीर सामना करना पड़ा है। यहां ग्रीन लाइन एक्सप्रेस ट्रेन सेवा के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि पाकिस्तान प्रगति करेगा क्योंकि यह इस्लाम के नाम पर बना है। डार ने कहा कि अगर अल्लाह पाकिस्तान बना सकता है तो वह उसकी रक्षा, विकास और समृद्धि भी कर सकता



है। वित्त मंत्री ने कहा कि वे प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व में पाकिस्तान की स्थिति को सुधारने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

**पाकिस्तान की मौजूदा बदहाली के लिए पिछली सरकार जिम्मेदार**– इशाक डार ने पाकिस्तान की मौजूदा बदहाली के लिए पांच साल पहले शुरू हुए 'नाटक' को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि यहां के लोगों को अब भी भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस नाटक के पहले 2013-17 के दौरान नवाज शरीफ के कार्यकाल में पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अच्छी हालत में थी। डार ने कहा कि नवाज के शासन में पाकिस्तान तरक्की की राह पर था लेकिन उसे पटरी से हटा दिया गया। लोग देख सकते हैं कि पिछले पांच साल में देश को कितनी बबार्दी का सामना करना पड़ा है। विदेशी मुद्रा के अभाव में पाकिस्तान के सामने जरूरी चीजों की खरीद के लिए भी भुगतान करने लायक मुद्रा नहीं रह गई है। इस समस्या से निपटने के लिए वह अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष समेत कई संस्थानों से आर्थिक पैकेज की तलाश में है।

## यूएन जनरल असेंबली में भारत बोला - "संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विकासशील देशों के मिले अधिक प्रतिनिधित्व"

न्यूयॉर्क। भारत ने यूएन जनरल असेंबली में कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में विकासशील देशों को अधिक प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। यूएनएससी में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि आर रवींद्र ने आईजीएन की बैठक में समान प्रतिनिधित्व, सुरक्षा परिषद की सदस्यता में वृद्धि और परिषद से संबंधित अन्य मामले के सवाल पर यह बात कही। आर रवींद्र ने कहा कि यह साफ है कि अतीत की चुनौतियों से निपटने के लिए बनाई गई पुरानी व्यवस्थाओं से आज इस गतिशील दुनिया की कई समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता है। सुरक्षा परिषद को अफ्रीका सहित विकासशील देशों को अधिक प्रतिनिधित्व देना चाहिए। सुरक्षा परिषद प्रभावी समाधान तभी दे पाएगा जब वह ताकतवर की रक्षा करने के बजाय बेजुबानों को आवाज देगा। इसके अलावा, आर रवींद्र ने कहा कि आईजीएन के दृष्टिकोण को भी व्यापक सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आईजीएन को एक नियमित वार्ता प्रक्रिया बनने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वे 15 सालों से अनौपचारिक प्रारूप में बैठक कर रहे हैं। उनके पास आईजीएन की कार्यवाही का एक भी तथ्यात्मक रिकॉर्ड नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि



दस्तावेज के लंबे परिचय की जरूरत नहीं है और आईजीएन बैठकों के तथ्यात्मक विवरण को एक अलग दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। आर रवींद्र ने कहा, "संयुक्त राष्ट्र की किसी भी अन्य प्रक्रिया की तरह, दस्तावेज के सभी हिस्सों में पदों के गुणों को शामिल करना महत्वपूर्ण है। पदों का श्रेय अभिसरण को बढ़ावा देने में योगदान देता है।

## भारत केवल एक भू-भाग नहीं बल्कि हमारी सभ्यता, संस्कृति और संभावनाओं की एक अभिव्यक्ति है : प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के भीलवाड़ा में मलसेरी डूंगरी मंदिर में पूजा-अर्चना की। पीएम नरेंद्र मोदी राज्य के लोक देवता भगवान देवनारायण की 1111वीं जयंती के लिए जिले के आसींद में पहुंचे। पीएम मोदी भीलवाड़ा में जनसभा को संबोधित किया। भीलवाड़ा में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, 'भगवान देवनारायण और जनता जनार्दन, दोनों के दर्शन करके मैं धन्य हो गया हूं। देशभर से यहां पधारे सभी श्रद्धालुओं की भांति मैं भगवान देवनारायण से अनवरत राष्ट्रसेवा के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं।' उन्होंने कहा, 'भारत के हम लोग, हजारों साल पुराने अपने इतिहास अपनी सभ्यता पर गर्व करते हैं। भारत को भौगोलिक, सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से तोड़ने के बहुत प्रयास हुए लेकिन भारत को कोई भी ताकत समाप्त नहीं कर पाई।' उन्होंने आगे कहा, 'भारत केवल एक भू-भाग नहीं है बल्कि हमारी सभ्यता,




संस्कृति और संभावनाओं की एक अभिव्यक्ति है। आज भारत अपने भविष्य की नींव रख रहा है इसके पीछे जो सबसे बड़ी प्रेरणा है... वो प्रेरणाशक्ति हमारे समाज की शक्ति है, जन-जन की शक्ति है।' पीएम मोदी ने कहा, 'श्री देवनारायण जी भगवान ने समाज में समरसता के भाव को फैलाया, समाज को एकजुट किया, एक आदर्श व्यवस्था कायम करने की दिशा में काम किया। यही कारण है कि समाज के हर वर्ग में उनके प्रति श्रद्धा और आस्था है। इसलिए भगवान देवनारायण लोकजीवन में परिवार के मुखिया की तरह हैं। उन्होंने हमेशा सेवा और जन कल्याण को सर्वोच्चता दी।' पीएम ने कहा, बीते 8-9 वर्षों से देश समाज के हर उस वर्ग को सशक्त करने का प्रयास कर रहा है, जो उपेक्षित रहा है, वंचित रहा है। भगवान देवनारायण ने जो रास्ता दिखाया है, वो सबके साथ से सबके विकास का है। आज देश इसी रास्ते पर चल रहा है। उन्होंने आगे कहा, 'पिछले वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मैंने लाल किले से पंच प्राणों पर चलने का आग्रह किया था।

## लखीमपुर खीरी हिंसा: जेल से रिहाई, लेकिन यूपी-दिल्ली में नहीं रह पाएगा आशीष, हफ्तेभर में बताना होगा ठिकाना

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी के तिकुनिया हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर केंद्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के पुत्र आशीष मिश्र मोनू को यूपी और दिल्ली छोड़कर बाहर रहने और रिहा होने के सप्ताह भर के भीतर ही अदालत को नए पते की जानकारी और लोकेशन देने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके चलते शुक्रवार को रिहा हुए आशीष मिश्र मोनू को नए ठिकाने की जानकारी अदालत में सप्ताह भर के भीतर देनी होगी। तीन अक्तूबर 2021 को तिकुनिया में हुई हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोग मारे गए थे। मामले में किसानों व मारे गए भाजपा कार्यकताओं दोनों की तरफ से मुकदमे दर्ज कराए गए थे। तीन महीने के अंदर विवेचना कर एसआईटी ने जहां तीन जनवरी 2022 को चार्जशीट दाखिल की थी। वहीं मजबूत पैरवी से आशीष मिश्र को जमानत मिली और 15 फरवरी को उसकी जिला कारागार से रिहाई हो गई थी। लेकिन, रिहाई के बाद वह जेल से बाहर सिर्फ 68 दिन ही रह पाया।

इसी बीच किसानों पर हमले की खबरें सामने आने के बाद किसानों की पैरवी पर 18 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्र की जमानत रद्द कर दी थी। ऐसे में 68 दिन बाद ही 24 अप्रैल को उसे फिर से आत्मसमर्पण कर जेल जाना पड़ा। करीब सात महीने बाद उस पर अदालत ने छह दिसंबर को आरोप भी तय कर दिए थे। अब 25 जनवरी 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने उसे आठ सप्ताह की अंतरिम जमानत दी। 279 दिन बाद एक बार फिर से उसे रिहाई मिल गई। सुप्रीम कोर्ट ने उसे आठ सप्ताह की अंतरिम जमानत दी है। शुक्रवार को आशीष की रिहाई को लेकर जिला जेल के बाहर सुबह से ही मीडिया का जमावड़ा लगा रहा। आशीष मिश्र को 6 बजकर 50 मिनट पर जिला जेल के पिछले गेट से रिहा कर दिया गया।

## भारत जोड़ो यात्रा : सुरक्षा को लेकर खड़गे ने अमित शाह को लिखी चिट्ठी, कहा- आप व्यक्तिगत रूप से करें हस्तक्षेप

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारत जोड़ो यात्रा में शामिल यात्रियों को समुचित सुरक्षा देने की मांग को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने चिट्ठी में कांग्रेस पार्टी की तरफ से कई मांगें रखी हैं। खरगे ने इस मामले में अमित शाह से व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने की अपील की है और संबंधित अधिकारियों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने के लिए निर्देश जारी करने के लिए भी कहा है। बता दें कि शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा कारणों के चलते राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा को स्थगित कर दी थी। खरगे ने चिट्ठी में लिखा कि मैं आपको यह पत्र आज भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण सुरक्षा चूक के संबंध में लिख रहा हूं, जिसके बारे में आप पहले से ही जानते होंगे। राहुल गांधी की सुरक्षा व्यवस्था के





प्रभारी सुरक्षा अधिकारियों की सलाह पर यात्रा को शुक्रवार को स्थगित करना पड़ा। हम जम्मू-कश्मीर पुलिस की सराहना करते हैं और उनके बयान का स्वागत करते हैं क्योंकि उन्होंने यात्रा के समापन तक पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने का भरोसा दिया है। बहरहाल, आप इस बात की सराहना करेंगे कि प्रतिदिन भारत जोड़ो यात्रा में आम लोगों की भारी भीड़ शामिल हुई है और चली है। आयोजकों के लिए यह बताना मुश्किल है कि पूरे दिन में कितने लोगों के आने की उम्मीद है क्योंकि यह यात्रा में शामिल होने के लिए आम लोगों का सहज भाव है। खरगे ने लिखा कि हम अगले दो दिनों में यात्रा में शामिल होने के लिए एक विशाल सभा की उम्मीद कर रहे हैं और 30 जनवरी को श्रीनगर में होने वाले समारोह की भी उम्मीद कर रहे हैं। 30 जनवरी को होने वाले समापन समारोह में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और अन्य महत्वपूर्ण राजनीतिक दलों के नेता शामिल हो रहे हैं। यदि आप व्यक्तिगत रूप से इस मामले में हस्तक्षेप कर सकते हैं और सलाह दे सकते हैं तो मैं आभारी रहूंगा। संबंधित अधिकारियों को यात्रा के समापन तक पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश जारी करें।

## रूसी हथियारों के विकल्प खोजने में भारत की मदद करना चाहता है अमेरिका

वाशिंगटन। यूक्रेन के ऊपर लगातार रूसी हमले से परेशान अमेरिका अब भारत को अपनी तरफ खींचने की पूरी कोशिश करने में लगा है। दरअसल, अपनी भारत यात्रा से पहले अमेरिकी राजनीतिक मामलों के अवर सचिव, विक्टोरिया नूलैंड ने सभी सांसदों से कहा है कि रूसी सैन्य उपकरणों के विकल्प खोजने में हमें भारत की मदद करनी चाहिए ताकि भारत की निर्भरता रूस पर से कम हो। हालांकि, अमेरिका के बयान को भारत कितना तरजीह देता है यह देखने वाली बात होगी क्योंकि पूरी दुनिया को भारत और रूस की नजदीकी का पता है। ऐसे में भारत इसके लिए तैयार हो यह संभव लग नहीं रहा है।

अमेरिकी नेता विक्टोरिया नूलैंड ने कहा कि भारत 60 सालों से उलझन में फंसा हुआ है लेकिन दुनिया की भलाई के लिए उसे ठोस कदम उठाना होगा। अमेरिका को उम्मीद है कि रूसी सैन्य उपकरण के विकल्प खोजने में भारत अमेरिका की मदद लेने के लिए तैयार हो जाएगा। हालांकि, इस दौरान कई सांसदों ने भारत के पुराने रुख का भी जिक्र किया कि कैसे भारत रूस के खिलाफ वोटिंग करने से बचता रहा है। क्या रूस से नजदीकी के चलते भारत इस अभियान में अमेरिका की मदद करेगा। अमेरिकी अधिकारियों ने रूस द्वारा भारत द्वारा एस-400 मिसाइल प्रणाली की खरीद पर भी चिंता व्यक्त की है और कहा कि जब भारत अमेरिका के प्रतिबंधों को नहीं माना तो कैसे आगे वह मदद करेगा। नूलैंड ने जवाब में कहा भारत की मेरी पिछली यात्रा पर, हमने जो पहली बातें कही थीं, उनमें से एक यह थी कि देखें कि युद्ध के मैदान में ये हथियार कैसा प्रदर्शन करते हैं। मर्कले ने कहा कि आसियान देशों के साथ-साथ भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों, जिनके साथ अमेरिका को रूस के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने में कठिनाई हो रही है। मुझे लगता है कि यह विशेष रूप से दक्षिण अफ्रीका में लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

## संपादकीय

# अनधिकार अधिकार

अदालत ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय को केवल धनशोधन संबंधी मामलों में कार्रवाई का अधिकार है। वह अनुमान के आधार पर कोई मामला तय नहीं कर सकता। अगर किसी मामले में अनुमान के आधार पर कार्रवाई की गई है, तो उस पर संबंधित अधिकारियों को कानून के तहत सुनवाई करनी होगी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने यह आदेश जिन याचिकाओं की सुनवाई करते हुए दिया है, उनमें धनशोधन को लेकर कोई तथ्य प्रकट नहीं था, यहां तक कि सीबीआइ ने भी ऐसा तथ्य उजागर नहीं किया था। धनशोधन अधिनियम के तहत प्रवर्तन निदेशालय को एक करोड़ या इससे ऊपर के मामलों में ही जांच का अधिकार है, मगर उसने दूसरे विभागों के अधिकार क्षेत्र में अनिधकार प्रवेश कर बहुत सारे मामलों की जांच की है। इसका नतीजा यह है कि उनमें से बहुत कम मामलों में मुकदमा दर्ज हो सका है, बाकी मामलों को बिना किसी फैसले के छोड़ना पड़ा। दिल्ली उच्च न्यायालय के इस आदेश से बहुत सारे लोग इसलिए संतोष अनुभव कर रहे हैं कि पिछले कुछ सालों में प्रवर्तन निदेशालय ने अनेक ऐसी जगहों पर छापे मारे, जहां उसे जाने की जरूरत नहीं थी। कई जगहों पर उसने आय से अधिक संपत्ति के मामलों में भी दखल दी, सिर्फ इस अनुमान के आधार पर कि वहां धनशोधन से जुड़ा मामला हो सकता है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस मामले में स्पष्ट कर दिया है कि अगर दूसरी जांच एजेंसियों को कोई ऐसा मामला हाथ लगता है, तो वे उसे सौंप सकती हैं, इसी तरह अगर प्रवर्तन निदेशालय को कोई ऐसा तथ्य हाथ लगता है, जो दूसरी एजंसियों के अधिकार क्षेत्र में आता है, तो वह उन्हें सौंप देगा, न कि खुद उन पर कोई फैसला करेगा। इससे पहले सर्वोच्च न्यायालय ने भी प्रवर्तन निदेशालय के जब्ती, गिरफ्तारी जैसे अधिकारों को उचित ठहराते हुए उसके अपने दायरे में रह कर काम करने के अधिकार को रेखांकित किया था, पर उसकी सक्रियता में कमी नहीं आई। इसलिए दावा करना मुश्किल है कि दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश से वह कितना सबक लेगा। दरअसल, पिछले कुछ सालों में जिस तरह सीबीआइ, प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग ने लक्ष्य करके कई लोगों पर छापे डाले, उससे यह कहा जाने लगा था कि ये एजंसियां सरकार के इशारे पर काम कर रही हैं। इस तरह वे अपने दायरे से बाहर जाकर भी काम कर रही हैं। उनका मकसद मामले की जांच करने से अधिक लोगों को परेशान करने का है। हालांकि ये आरोप नए नहीं हैं, सभी सरकारों पर ऐसे आरोप लगते रहे हैं। मगर जब कार्रवाइयों में बदले की भावना अधिक बढ़ जाती है, तो उन्हें लेकर आक्रोश फूटता ही है। इसे लेकर सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई गई थी। मगर ऐसी गुहारों पर प्रवर्तन निदेशालय या दूसरी जांच एजेंसियों के कानूनी अधिकार सीमित नहीं किए जा सकते। पर कानून इस तरह उन्हें यह अधिकार भी नहीं देता कि वे अपनी मर्जी से किसी के खिलाफ कार्रवाई कर उसे बदनाम और परेशान करें या किसी तरह का अनावश्यक दबाव बनाएं। प्रवर्तन निदेशालय के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का ताजा आदेश एक सबक है।

## ना घुमाओ गोल!



उछल कूद करने से ।
खुल जाती है पोल ।।
ध्यान दो बस काम पर ।
ना घुमाओ गोल ।।
है जो भी असलियत ।
जानते हैं लोग ।।
है अभी भी वक्त ।
हो सही उपयोग ।।
है जिससे पहचान ।
उसी में है रमना ।।
राह सही पकड़ कर ।
होगा हर दम चलना ।।
माना जनसैलाब ये ।
रहा है निहार ।।
अनावश्यक लेकिन अब ।
सही ना प्रहार ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# अंतहीन अत्याचार के बीच स्त्री

हाल ही में पीलीभीत में आठ माह की गर्भवती पत्नी को बेरहम पति ने मोटर साइकिल के पीछे बांध कर घसीटा। जीवनसाथी द्वारा क्रूरता की सीमा पार करने वाली इस घटना में पत्नी के साथ गाली-गलौज और मारपीट तो हुई ही, उसका जीवन छीन लेने के इरादे से उसे मोटर साइकिल के पीछे हाथ बांध कर काफी दूर तक घसीटने की हैवानियत की गई। बीते दिनों दिल्ली की सड़कों पर एक लड़की के क्षत-विक्षत शरीर को कई किलोमीटर तक घसीटने का भयावह मामला सामने आया था। इस बर्बरता में पुलिस की जांच में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे जानते थे कि एक लड़की गाड़ी के नीचे फंसी है। बावजूद इसके, उसे पूरी तरह कुचल डालने के लिए ही कई किलोमीटर तक घसीटते रहे। इन वीभत्स घटनाओं ने विकृत मानसिकता का चिंतनीय पहलू उजागर किया है।

ऐसी ही हिंसक प्रवृत्ति दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष के साथ हुई घटना में भी दिखती है। यह आम महिलाओं का मनोबल तोड़ने वाली बात है कि महिला सुरक्षा के हालात का जायजा ले रहीं दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष को भी दुर्व्यवहार झेलना पड़ा। गौरतलब है कि हाल ही में एम्स के पास हुए इस वाकये में पहले एक कार चालक ने आयोग की अध्यक्ष को कार में बैठने को कहा। मना करने पर वह दुबारा मुड़ कर आया और फिर बैठने को कहा। नशे की हालत में उनसे छेड़छाड़ भी की। अध्यक्ष ने जब उसे पकड़ा, तो गाड़ी के शीशे में उनका हाथ बंद कर चालक ने घसीटने का प्रयास किया। ऐसे में घर से बाहर निकलने वाली हर महिला के मन का असुरक्षा और संशय से घिर जाना लाजिमी है। अपरिचित महिलाओं के साथ तो ऐसी घटनाएं हो ही रही हैं, पारिवारिक रंजिश और प्रतिशोध लेने की मंशा से भी ऐसे मामले देखने में आते हैं। पिछले दिनों हसनपुर खंड के गांव टप्पा में चुनावी रंजिश के चलते सरपंच के घर पर गांव के ही एक परिवार के छह से ज्यादा लोगों ने ट्रैक्टर चढ़ा दिया। ट्रैक्टर ने सरपंच के बुजुर्ग पिता और उनकी तेरह वर्षीय बेटी को कुचल दिया। घटना में उनकी बेटी घायल हो गई, बुजुर्ग पिता की जान चली गई। गौरतलब है कि सरपंच चुनाव में हार के बाद रंजिश के चलते इस घटना को अंजाम दिया गया।



विडंबना है कि नियम-कायदों से परे, अपने मन-मुताबिक कुछ भी न होना, लोगों में एक अनियंत्रित क्रोध को जन्म दे रहा है। बीते दिनों एटा के ग्रामीण क्षेत्र में भी रंजिश के चलते महिला को ट्रैक्टर से रौंदने की अमानवीयता की गई। गौरतलब है कि ग्राम समाज की जमीन पर उपले रखने को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद के कारण की गई बर्बरता में मौके पर ही महिला की मौत हो गई। दूर-दराज गांवों से लेकर महानगरों तक ऐसी घटनाओं ने चिंताजनक स्थितियां पैदा कर दी हैं। यह कैसा आक्रोश है, जो शिक्षित सजग युवाओं से लेकर ग्रामीण जनों तक सभी को अपनी चपेट में ले रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि अधिकतर मामलों में आक्रोश की यह आंच महिलाओं का ही जीना दुश्वार करती है।

चिंताजनक है कि ऐसे वाकए अनजाने हुई कोई दुर्घटना भर नहीं हैं। सोच-समझ कर किसी इंसान को कुचलने की यह विकृत मानसिकता हिंसा का उन्मादी रूप है, जिसमें न अपने-पराए का अंतर समझ आता है और न ही सही-गलत की समझ बाकी रहती है। जबकि समाज को इन घटनाओं का हर पक्ष भीतर तक झकझोर जाता है।

बिना किसी गलती के राह चलते रौंद दिए जाने का भय एक नया डर पैदा कर रहा है। असल में, ऐसा परिवेश देश के हर हिस्से की महिलाओं का मनोबल तोड़ता है। शिक्षित-सजग महिलाओं के हौसलों को भी ठेस पहुंचाता है। ऐसे में सार्वजनिक परिवेश में डर का यों साए की तरह साथ रहना किसी भी समाज में कानून-व्यवस्था की विफलता ही कही जाएगी। साथ ही विकृत मानसिकता वाले लोगों की बढ़ती हिम्मत भी समाज और कानून दोनों के लिए चिंताजनक है। दुखद है कि हमेशा से ही स्त्री पीड़ा और भय के एक अजीब वातावरण में जी रही होती है। कानून, समाज और घर-परिवार, सब बेबस नजर आते हैं। न बदलाव की कोई उम्मीद, न त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था और न ही दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने के उदाहरण। हाल के बरसों में महिलाओं के शोषण और दुर्व्यवहार की घटनाओं की सूची में रौंदने-घसीटने के वाकए भी जुड़ गए हैं।

ऐसी घटनाओं के आंकड़े बढ़ रहे हैं, जिनमें रंजिश के चलते किसी महिला को जानबूझ कर कुचल दिया गया। किसी घटना के गवाहों या पीड़ित के परिजनों को सोच-समझ कर वाहन से रौंदने के वाकए भी सामने आ चुके हैं। गांव-कस्बे हों या महानगर, क्रोध और प्रतिशोध का भाव इस हद तक बढ़ गया है कि मामूली रंजिश में भी लोग ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इन घटनाओं की बढ़ती संख्या बताती है कि अब नैतिकता का कोई मापदंड नहीं बचा है। कहीं बदला लेने का भाव है, तो कहीं सबक सिखाने की सोच। बेवजह का आक्रोश और नैतिक पतन ऐसी अमानवीय घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। विडंबना ही है कि कभी नशा, तो कभी सामंतवादी सोच का दंभ, किसी की जान का कोई मोल ही नहीं समझता। अधिकतर घटनाओं में नशे की हालत में ऐसी दुर्घटनाएं और दुर्व्यवहार होता है। ऐसे में शराब के सेवन का बढ़ता चलन कई मोर्चों पर चिंता का विषय बन गया है। इस आदत की बढ़ती सामाजिक स्वीकार्यता और खुलापन इसे बढ़ाने वाला भी साबित हो रहा है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के एक साझा सर्वेक्षण के मुताबिक देश में लगभग सोलह करोड़ लोग शराब का सेवन करते हैं। अफसोस कि देश और परिवार की रीढ़ माने जाने वाले युवा वर्ग के बहुत से पुरुष शराब पीने के बाद हुई हिंसा या दुर्घटनाओं में न केवल अपनी जान गंवाते, बल्कि दूसरों का जीवन भी जोखिम में डालते हैं। कभी नशे की हालत में किसी अपराध में भागीदार बनते हैं, तो कभी यौन शोषण को अंजाम देते हैं। आए दिन घटने वाली कोई न कोई घटना इस बात की पुष्टि भी करती है।

शोध पत्रिका ड्रग एंड अल्कोहल रिव्यू में लैंगिक अपराध और शराब के संबंध पर किए गए सर्वेक्षणों के नतीजे बताते हैं कि लैंगिक अपराध के लगभग आधे मामले नशे की हालत में होते हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार भी महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में शराबनोशी की बड़ी भूमिका है। इतना ही सामंती सोच का दंभ भी ऐसी वारदातों के पीछे है। किसी को चुनाव में हार स्वीकार नहीं, तो कोई किसी परिवार से रंजिश निकालने के फेर में ऐसी बर्बरता कर रहा है। कहना गलत न होगा कि हर बार महिलाओं का मन-जीवन ही प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इस विकृत मानसिकता का दंश झेलता है। साथ ही, ऐसी घटनाएं मानवीय मोर्चे पर पिछड़ते समाज को भी सामने रख रही हैं।

# धुंध का सौंदर्यबोध



इसी धरती की रफ्तार से बदलते हुए मौसम हमारी सांस्कृतिक धरोहर और आदमी के आगे बढ़ने की नई ऊर्जा के नई दिशा चक्कर को निर्धारित करते हैं। इस साल की सर्दी के इस मौसम में धुंध का जैसा वातावरण दिखा और राजस्थान से लेकर सभी जगह पर्वतीय स्थलों से भी ज्यादा शीतलहर की चपेट में आए। माउंट आबू जैसे स्थान जमी बर्फ-सी हुई झील से डल झील का मुकाबला करती दिखी। यों यह मौसम का यह एक सामान्य स्वभाव है, मगर इसकी दूसरा पक्ष यह भी है कि इस धुंध के कारण होने वाले हादसे जानलेवा साबित हो रहे हैं।

शायद यही जीवन चक्र है। ऋतुओं के बदलने और बदलते मौसम में इस धुंध की धुंधली चादर में जब सूर्य कई दिनों से दिखाई भी नहीं देता, तब सर्दी के सितम से पूरा समाज थरथराता रहता है बदलते हुए समाज की प्राथमिकताओं के साथ। धुंध या कोहरे का मौसम सर्दी में एक नजराना बनकर और खूबसूरत विविधताओं की रफ्तार को देर रात पार्टियों में बांधता है, लेकिन महानगरीय जिंदगी के एक खास हिस्से में। दूसरी ओर इसी के समांतर सड़क के किनारे झोपड़ी और किसानों का दुख-दर्द भी सामने दिखता है। भारत के आम आदमी की गांव की तस्वीर भी दिखती है, जो इस धुंध में उलझी होती है। यह एक सफर है, जो चलता रहता है। इसी का नाम ही जिंदगी है। शायद ही किसी ने यह कहा होगा कि धुंध कोई अजनबी चीज है। इस मौसम में जब चेहरे पर ओस की बूंदें धुंध के रुई की तरह के लिहाफ से किसी को यादों से जोड़ती हैं तो जिंदगी का एक नया नजराना और पन्ना दिखाई देता है।

यही शायद धुंध का वह सौंदर्यबोध है, जिसमें हम इससे आनंदित होकर अपने अंतर्मन को एक नई दृष्टि से देख सकते हैं और यही वह ऊर्जा का समय है, जब ऋतु का आनंद लिया जा सकता है। बदलते हुए मौसम में जब धुंध का सौंदर्यबोध ध्यान में आता है तो हम गुजरे हुए लम्हों में धुंध की तरह उड़ते हुए बादलों के खयालों के कोहरे में टहलने लगते हैं और हमारी जिंदगी का हर लम्हा ताजगी से भर जाता है।

जिंदगी के इस सौंदर्यबोध की परिभाषा दूसरी तरह से भी है। जब हम बाजार के असर में उपभोक्ता और नई तकनीक के जरिए जीवन के स्वर और रंगों को बदल रहे हैं, तब एक आभासी दुनिया इस धुंध की दुनिया पर भारी होने लगती है। कई बार लगता है कि जिन लम्हों में उम्र गुजर गई, उसके बरक्स अक्सर एक लम्हा भी नहीं गुजरता। उसे इंतजार कहा जाता है और यही वे पल होते हैं जब हम मौसम के सौंदर्यबोध को देखते और महसूस करते हैं। यह सौंदर्यबोध हमें जीने का तजुर्बा देता है और यह वक्त के हर मोड़ पर दर्ज होता रहता है। सर्दी में सेहत का खयाल रखना एक अतिरिक्त काम हो जाता है, लेकिन आयुर्वेदिक प्रणाली से लेकर कितनी तरह की चीजें इंसान को स्वस्थ रखने के लिए होती हैं, जो सिर्फ सर्दी में और खासतौर पर धुंध के दिनों में ली जा सकती हैं। यही प्रकृति का कमाल है। अगर चला जाए तो प्रकृति के इस संगीत को और प्रकृति के इस दुर्लभ लम्हों को जिंदगी अपने साथ कर लेना चाहती है, जहां पुरानी यादें नए के संतुलन बिठाने की कोशिश करती हैं। यह एक तरह से हमें नई ऊर्जा से भर दे सकता है।

इसलिए सर्दी के सितम को भी हंसी-खुशी से मौसम का हिस्सा मानना चाहिए, क्योंकि इससे प्रकृति का संतुलन कायम रहता है। इस हकीकत के साथ कोशिश यह होनी चाहिए कि नई सुबह के इंतजार में छाई धुंध मे गुम होकर अपने काम को भी जिंदा रखा जाए। मौसमों के इस सौंदर्यबोध को देखते हुए धुंध में लीन हो जाया जाए। इसी सब के बीच में जीने का रास्ता निकाल कर एक नए समाज के निर्माण के लिए नई शुरूआत में अपनी भूमिका निभानी होगी। मगर हमारी दुनिया की दिक्कत यह है कि हमने घर, गांव, जंगल, जमीन- इन सबसे मिलकर उस छोटे-से स्क्रीन पर अपनी दुनिया बसा ली है, जिसमें जीने का नाटक है, जिसमें वह वास्तविक जीवन नहीं है, जिसमें चेहरों की रौनक नहीं है।

जाहिर है, इस सर्दी के धुंध के सौंदर्य ने यही बताया कि हम संवाद से एक-दूसरे को चेहरों को पढ़ सकें। शायद खुशियों और रिश्तों की तलाश में यह भी ठीक है। किसी ने कहा है- इसी धुंध में आना है और इसी धुंध में जाना है। इसी धुंध के सौंदर्य बोध को नई ऊर्जा में परिवर्तित करते हुए मन-मस्तिष्क में अपनी अंतरदृष्टि को नए सुरों के साथ आने वाले कल के लिए हम इंतजार करना होगा। धूप में बैठकर एक बार फिर से अपनी स्मृतियों के साथ धुंध का आकलन करना होगा।

# बसपा के एकला चलो के नारे से उत्तर प्रदेश में उभर रही है त्रिकोणीय मुकाबले की तस्वीर

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश की सियासत अंगड़ाई लेने लगी है। भारतीय जनता पार्टी हो या फिर समाजवादी पार्टी अथवा बसपा-कांग्रेस सब रणनीति बनाने में लगे हैं, लेकिन एक बात साफ हो गई है कि 2024 के आम चुनाव के लिए बसपा ने एकला चलो का ऐलान करके यह तय कर दिया है कि यूपी की 80 लोकसभा सीटों पर चुनाव त्रिकोणीय तो होगा ही, इसके अलावा कांग्रेस के वर्चस्व वाली कुछ सीटों जैसे रायबरेली, अमेठी में मुकाबला चौतरफा भी हो सकता है। बसपा ने एकला चलो का फैसला तब लिया है जबकि 2014 के चुनाव में बसपा का वोट बैंक सिकुड़ा और पार्टी राज्य की सत्ता वर्ष 2012 में गंवाने के बाद लोकसभा से साफ हो गई। मायावती ने इस चुनाव में पूरा जोर लगाया। लेकिन, भाजपा के ब्रांड मोदी के आगे न मायावती टिकीं और न ही सत्ताधारी समाजवादी पार्टी कुछ कर पाई थी। इस चुनाव में भाजपा गठबंधन यानी एनडीए ने 73 सीटों पर जीत दर्ज की। 5 सीटें सपा और 2 सीटें बसपा के पाले में गईं। पार्टी को चुनाव में 19.60 फीसदी वोट ही मिले। 22 से 25 फीसदी वोट बैंक की राजनीति करने वाली मायावती का आधार वोट खिसका। इसके बाद से बसपा संभल नहीं पाई है।

इस दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे नेताओं ने भाजपा का दामन थामा तो ओबीसी वोट बैंक मजबूती के साथ भाजपा से जुड़ गया। भाजपा में गए तो दलित और अति पिछड़े वर्ग के वोटरों को एक नया ठिकाना दिखा। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में इसका असर दिखा। बसपा को 22.24 फीसदी वोट तो मिले, लेकिन पार्टी सिर्फ 19 सीटों पर सिमट गई। इसके बाद एक बार फिर 26 साल बाद 2019 के लोकसभा चुनाव के समय सपा और बसपा का गठबंधन हुआ। यूपी की राजनीति में कल्याण सिंह और राम मंदिर मुद्दे की हवा निकालने वाली मुलायम सिंह यादव और कांशीराम की जोड़ी की दोनों पार्टियां एकजुट हुईं। 2019 के चुनाव में इसका असर दिखा। 2014 के लोकसभा चुनाव में 71 सीट जीतने वाली भाजपा 62 सीटों पर आई। एनडीए ने कुल 64 सीटें जीतीं। यानी, 5 साल में 9 सीटों का नुकसान। फायदे में मायावती की बसपा रही। पार्टी ने सपा से गठबंधन का फायदा उठाते हुए 10 सीटों पर जीत दर्ज की। वहीं, सपा 5 सीटों पर ही जीत दर्ज कर पाई। कांग्रेस घटकर एक सीट पर पहुंच गई। वर्ष 2019 के चुनाव में बसपा का वोट शेयर सपा से गठबंधन के बाद भी 19.3 फीसदी रहा। सपा 18 फीसदी वोट शेयर के साथ तीसरे स्थान पर रही। कांग्रेस 6.31 फीसदी वोट शेयर ही हासिल कर पाई। भाजपा ने 49.6 फीसदी वोट शेयर के साथ प्रदेश की राजनीति पर अपना दबदबा दिखाया।



इसके बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 भी कांग्रेस और बसपा के लिए मुश्किलों भरा रहा। उत्तर प्रदेश में चार बार सरकार बनाने वाली बसपा केवल 12.88 फीसदी वोट ही हासिल कर पाई। पार्टी को केवल एक सीट पर जीत मिली। विधानसभा में विलुप्त होने से तो पार्टी बच गई, लेकिन आधार वोट ही खो दिया। भाजपा ने एक बार फिर सभी दलों को पछाड़ा। पार्टी ने 41.76 फीसदी वोट शेयर हासिल किया। वहीं, सपा 32.02 फीसदी वोट शेयर के साथ दूसरे स्थान पर रही। वहीं, कांग्रेस 2.4 फीसदी वोट शेयर हासिल कर पाई। कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में 2 सीटों पर जीत मिली।

बहरहाल, लगातार हार के बाद भी बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती के हौसले कम नहीं पड़े हैं। वह एक बार फिर पूरे जोश से लोकसभा चुनाव 2024 में उतरने की तैयारी करती दिख रही हैं। इसके लिए मायावती लगातार जिला स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रही हैं। एक बार फिर दलित, ओबीसी और मुस्लिम समीकरण को साधने की कोशिश है। बसपा का मास्टरप्लान रेडी है। मुस्लिम वोटरों पर अपनी पकड़ बनाने के लिए मायावती ने इमरान मसूद जैसे पश्चिमी यूपी के कद्दावर नेताओं को पार्टी से जोड़कर अपनी रणनीति साफ कर दी है। गुड्डू जमाली जैसे नेता तो बसपा के पास हैं ही वहीं इमरान मसूद के बाद पश्चिमी यूपी के बड़े मुस्लिम नेता शफीक उर रहमान वर्क की भी बसपा से नजदीकी दिख रही है। मुसलमान सपा के कोर वोटबैंक माने जाते हैं। पर, बसपा और भाजपा इस वोट बैंक में सेंधमारी की लगातार कोशिश कर रही हैं। बसपा दो कदम आगे चल रही है।

इस बीच सपा सांसद डॉ. बर्क ने एक बयान में बसपा सुप्रीमो मायावती को मुसलमानों का हितैषी करार देकर हलचल मचा दी है। बर्क के बयान के बाद लोगों की नजर उनके अगले कदम पर है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर डॉ. बर्क हाथी पर सवार होते हैं तो यह मायावती के लिए बढ़त वाली बात होगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बसपा को एक और बड़ा मुस्लिम चेहरा मिल जाएगा। बसपा मुसलमानों को साध कर जितनी मजबूत होगी, सपा को उतना ही नुकसान उठाना पड़ सकता है। हालांकि, मायावती को इसके बाद भी एक ऐसे साथी की जरूरत है, जो वोट बैंक को उनकी तरफ ट्रांसफर कराए। यह साथी ब्राह्मण भी हो सकते हैं क्योंकि योगी सरकार में ब्राह्मणों को लगता है उनके साथ इंसाफ नहीं होता है। कांग्रेस यूपी में ब्राह्मण, ओबीसी और मुस्लिम वोट बैंक पर अपनी पकड़ रखती थी। इनके सहारे सत्ता की सीढ़ी चढ़ने की कोशिश करती थी। मायावती ने बहुजन वोट बैंक पर फोकस किया है। ऐसे में वह कांग्रेस के सहारे सवर्ण वोट बैंक को साधने की कोशिश कर सकती है। इन वोटों को गठबंधन के सहारे एक-दूसरे को ट्रांसफर कराने का प्रयास होगा।

# चंदवक पुलिस की दोबारा वसूली लिस्ट हुई वायरल, खाकी पर उठे सवाल

## ट्वीट के बाद उच्चाधिकारी ने ली संज्ञान, सीओ को सौंपी जांच




प्रखर केराकत जौनपुर । तीन पन्नो की हाथ से लिखी हुई चिट्ठी सोशल साइट पर इन दिनों तेजी से वायरल हो रही है। जिसपर अलग अलग जगहों से एक तय रकम लिखी गई है।जिसे चंदवक थाने के वसूली लिस्ट बताकर वायरल किया जा रहा था।जिसको राम कुमार नाम के एक युवक ने उच्चाधिकारियों को टैग कर ट्वीट कर दिया। ट्वीट होते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया मामले की गंभीरता को देखते हुए वायरल लिस्ट की जांच सीओ केराकत गौरव शर्मा को सौंप दी गई। वायरल लिस्ट में चंदवक क्षेत्र में गोकशी,पेड़ कटान,भांग, देशी शराब,अंग्रेजी शराब, बीयर,नो एंट्री सहित अन्य काले कारनामो की वसूली की तय रकम लिखी गई है साथ ही किससे कितना लेना है सब लिखा हुआ है। वही अगर वायरल लिस्ट पर गौर करे तो नाम व मोबाइल नंबर नीली पेन से लिखा गया है और अमाउंट काली पेन से लिखा गया है जिसको लेकर वायरल लिस्ट पर प्रश्नचिन्ह खड़ा होता है।इस संबंध में क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में है वायरल लिस्ट की जांच की जा रही है बता दे कि चंदवक थाने की पहली वसूली लिस्ट जून साल 2021 में पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने ट्वीट किया था। जिसमे वसूली रकम पौने चार लाख लिखा गया था।जिसको लेकर हड़कंप मचा हुआ था फिलहाल वायरल लिस्ट की पुष्टि अखबार नहीं करता है गौरतलब हो कि चंदवक थाना चर्चा का विषय बना रहता है। बीते महीने में बकायदा दलालों से सावधान का पोस्टर थाने के गेट पर लगाया गया। इसके बाद मानों अभियान चल पड़ा हो एक के बाद तहसील क्षेत्र के सभी चौकी पर दलालों से सावधान के पोस्टर लगना चालू हो गए।

## प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के संग ईजी हेल्प संस्था ने मनाया गणतंत्र दिवस

प्रखर वाराणसी। वाराणसी में ईजी हेल्प संस्था ने आज गणतंत्र दिवस (26 जनवरी, 2023) के स्वर्णिम पर्व को हरहुआ ब्लॉक स्थित खरी जैपार के प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया। इस अवसर पर उपस्थित इस प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों का उत्साह और गणतंत्र दिवस से सम्बन्धित उनकी जानकारी देखकर हमें बहुत प्रसन्नता हुई कि इस विद्यालय के विद्यार्थी इतिहास में अंकित इस स्वर्णिम दिन की महत्ता को बहुत अच्छी तरह समझते हैं। उनके इस उत्साह में भागीदार बनकर हमें भी बहुत कुछ सीखने और उनके लिए कुछ करने की प्रेरणा मिली। इस अवसर पर उनके द्वारा राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत गीतों पर प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। इस दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ईजी हेल्प संस्था के संस्थापक एवम् प्रबंध निदेशक श्री विवेक सिंह जी एवम् ईजी हेल्प संस्था की ट्रस्टी सुश्री कोमल सिंह जी के द्वारा पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया। साथ ही इस अवसर की खुशी इनसे साझा करते हुए इन बच्चों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्राथमिक विद्यालय खरी जैपार की प्रधानाध्यापिका श्रीमती राधा देवी, ईजी हेल्प संस्था के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री विवेक सिंह, ईजी हेल्प संस्था की ट्रस्टी सुश्री कोमल सिंह, डॉ. सुजीत कुमार चौबे, श्री विकास जयसवाल, इस प्राथमिक विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथझसाथ बड़ी संख्या में बच्चे एवम् ग्रामीण उपस्थित रहे।



## देशभक्ति गानों पर झूमे हिंद कान्वेंट स्कूल के बच्चे



प्रखर वाराणसी। 74वा गणतंत्र दिवस लहरतारा,महेशपुर स्थित हिंद कान्वेंट के मैदान पर धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण फुलवरिया चौकी इंचार्ज सौरभ पांडेय,मडुवाडीह थाने के उपनिरीक्षक देवराज सिंह व जिलाधिकारी कार्यालय के सेवानिवृत्त कर्मचारी रंगनाथ सिंह ने किया। इस दौरान बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम का संचालन आरती अवस्थी व धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य स्मिता शर्मा ने किया।

## सत्कार वेलनेस संस्थान पर किया गया ध्वजारोहण

प्रखर चंदवक जौनपुर। स्थानीय बाजार के शिव मंदिर तिराहे पर स्थिति सत्कार वेलनेस संस्था पर गणतंत्र दिवस के 74वें अवसर पर संस्था के अध्यक्ष ए के सिंह ने ध्वज फहराया। उपस्थित लोगों को गणतंत्र दिवस के 74 पर्व की बधाई देते हुए ए के सिंह ने कहा कि हमारे इस संविधान को पूर्णतः तैयार कर संविधान सभा के समक्ष प्रस्तुत करने में कुल दो वर्ष ग्यारह महीने एवं अठ्ठारह दिन का समय लगा था तब जाके संविधान तैयार हुआ था। संविधान के मूल उद्देश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारा संविधान यदि हमें कुछ अधिकार देता है तो हमें हमारे कर्तव्य की भी याद दिलाता है.इस दौरान संस्था द्वारा मिष्ठान वितरित किया गया. इस अवसर पर डॉ प्रगती सिंह, डॉ गरिमा यादव, डॉ स्वेता राय, डॉ आयशा खातून, डॉ पुरूरत्न,संस्था व्यवस्थापक मेहताभ आदि संस्था के सदस्य एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मां वैष्णो महिला सेवा संस्थान ने गणतन्त्र दिवस पर महिलाओं के लिये खोला सिलाई सेन्टर दिया प्रतिभा सम्मान सर्टिफिकेट

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मां वैष्णो महिला सेवा संस्थान द्वारा 26 जनवरी राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस गांव के उन महिला और बच्चों के साथ मनाया गया जिन्हें जागरूक करने की आवश्यकता है` कार्यक्रम की शुरूआत गांव की बच्चियों ने स्वागत गान से किया उसके बाद देशभक्ति का रंगारंग कार्यक्रम की धूम मचा दी, मां वैष्णो महिला सेवा संस्थान ने बताया की हर एक बच्चे में प्रतिभा होती है बस जरूरत है उसको निखारने की इस कड़ी में हमारी संस्था हमेशा से उन लोगों को ही आगे लाती है जिनकी कोई पहचान नहीं है बसंत पंचमी मां सरस्वती का दिन भी है इस पर उपलक्ष्य में माता सरस्वती के पूजन के साथ संस्था की तरफ से गांव की बेटियों के लिए दूसरी सिलाई सेंटर का शुरूआत भी किया गया उद्देश्य बस यही है बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना उनको उनकी प्रतिभा से रूबरू करवाना संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष रश्मि अग्रवाल ने सभी बेटियों को प्रतिभा सम्मान से सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की` राष्ट्रीय महासचिव कृष्णा पांडेय ने सभी बच्चों में मिष्ठान बैठकर उनके साथ मनाई खुशियां वही राष्ट्रीय सलाहकार अंजू खुराना ने बच्चों में पठन-पाठन सामग्री बांटकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इसी के साथ संस्था के अनेकों सदस्यों की उपस्थिति थी इस बलिदानी दिवस को संस्था ने बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाकर उन बलिदानीयों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया कार्यक्रम मे मुख्य रूप से रंजू खुराना ,आरती मल्होत्रा, पूनम सिँह ,शर्मिला, किरण अग्रवाल सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।



## क्षय रोगियों के सैंपल ट्रांसपोर्ट और बलगम ट्रांसपोर्ट को लेकर हुआ कार्यशाला

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। 2025 तक टीबी मुक्त भारत की परिकल्पना के तहत राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम को लगातार गति दिया जा रहा है। इसी क्रम में 23 से 31 जनवरी तक जनपद के समस्त ब्लॉकों में कार्यरत सीएचओ, बीपीएम, बीसीपीएम, बैम का प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत संभावित क्षय रोगियों के सैंपल ट्रांसपोर्ट एवं बलगम ट्रांसपोर्ट कराने एवं जांच सेंटर तक भेजने हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक क्षय रोग के मरीजों को खोजा जा सके। क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के नोडल डॉ. मनोज सिंह ने बताया कि भारत सरकार 2025 तक हर हाल में क्षय रोग खत्म करने को लेकर अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत 23 से 31 जनवरी तक समस्त ब्लॉकों में कार्य करने वाले सीएचओ, बीपीएम, बीसीपीएम, बैम व अन्य कर्मचारियों को संभावित मरीजों के बलगम ट्रांसपोर्ट एवं सैंपल ट्रांसपोर्ट के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे संभावित टीबी मरीजों को जांच के माध्यम से खोज कर उनका इलाज किया जा सके। जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मिथिलेश सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण में आए हुए लोगों को कैसे ग्रामीण इलाकों में संभावित टीबी मरीजों का सैंपल कलेक्ट करना है एवं उनके बलगम को जांच सेंटर तक कैसे ट्रांसपोर्ट कराना है। इसको लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टीबी मरीज कंफर्म होने पर उन्हें इलाज पर रख उन्हें स्वस्थ किये का कार्य किया जाएगा। साथ ही साथ जो टीबी मरीज मिलेंगे उनके परिवार के सभी सदस्यों का टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि साल 2022 में जनपद में कुल 4999 मरीज मिले थे। वहीं 2023 में अब तक 187 मरीज मिले हैं। जिसमें सरकारी अस्पताल और निजी अस्पताल के मरीज शामिल है। सभी को इलाज पर रखकर उन्हें डीबीटी के माध्यम से 500 प्रति माह का भुगतान इलाज चलने तक किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्राइवेट चिकित्सकों के द्वारा टीबी मरीजों की सूचना या जानकारी देने और जांच में टीबी मरीज घोषित हो जाने पर उन्हें 500 का इनफॉर्मेंट के रूप में भी दिया जाता है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि यदि आमजन के द्वारा किसी टीबी मरीज की जानकारी विभाग को दी जाती है और जांच उपरांत वह टीबी मरीज पाया जाता है तो सूचना देने वाले को भी 500 का भुगतान किया जाता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुराग कुमार पांडे, सुनील कुमार वर्मा, वेंकटेश्वर शर्मा, कमलेश कुमार, अवधेश गुप्ता, अरविंद कुमार, अलीम सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।



## अध्यापक द्वारा दुराचार के बाद युवती ने मौत को लगाया गले

प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के एक स्कूल में अध्यापक ने छात्रा के साथ दुराचार किया । बदनामी की डर से युवती ने मौत को गले लगा लिया । पुलिस को बिना सूचना दिए परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया । घटना चार दिन पूर्व का बताया जा रहा है। बताया जाता है कि गणतंत्र दिवस के दो दिन पूर्व एक स्कूल में गुरु शिष्या का सम्बन्ध तार तार हो गया । अध्यापक को छात्रा के साथ दुराचार करते हुए लोगों ने देख लिया । दोंनो की लोगों ने पिटाई कर दी । मौका पाकर अध्यापक वहाँ से खिसक लिया । घर पहुँची युवती को घर वालों ने भी फटकारा । बदनामी की डर से छात्रा ने सुसाइड कर ली । घर वालों ने बिना पुलिस को खबर किये अंतिम संस्कार कर दिया । जानकारी होने पर लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त हो गया । इस मामले को लेकर लोग तरह तरह की चर्चा कर रहे है वही इस बाबत सरायख्वाजा पुलिस कुछ भी बताने से इंकार कर रही है ।

## मां सरस्वती के मूर्ति का हुआ विसर्जन

प्रखर मुहम्मदाबाद यूसुफपुर (गाजीपुर)। स्थानीय कोतवाली अंतर्गत नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 26 जनवरी बसंत पंचमी को अलग-अलग स्थानों पर माता सरस्वती की मूर्ति स्थापित कर उनका पूजन अर्चन कर छात्र-छात्राओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया। बताया जाता है कि आज सरस्वती पूजन संपन्न हुआ। छात्र-छात्राओं एवं नागरिक माता सरस्वती की मूर्ति का विसर्जन काफी उत्साह से किये। इसको लेकर छात्रों में अत्यधिक उत्साह देखा गया। मूर्ति विसर्जन से पहले नगर क्षेत्र में गाजे-बाजे के साथ मूर्ति को घुमाया गया। जिसमें मूर्ति समिति के लोग माता की प्रतिमा के साथ भजन गीत गाते हुए चल रहे थे। देर शाम तक गौसपुर घाट पर खोदे गए गड्ढे में पानी भरकर मूर्ति विसर्जित की गई। पुलिस प्रशासन भी चुस्त-दुरुस्त दिखा।



# आशा ट्रस्ट द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुरस्कृत किया गया

### 2660 बच्चे हुए थे शामिल, 234 का प्रदर्शन रहा उल्लेखनीय, गांधी जी के जीवन पर आधारित पुस्तक देकर किया गया पुरस्कृत

प्रखर वाराणसी। सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें प्रात्साहित करने के उद्धेश्य से सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट के तत्वावधान में गांधी जयंती के अवसर पर एक वृहद् सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया था जिसमे चौबेपुर, धौरहरा और राजवारी संकुल के 20 विद्यालयों की कक्षा तीन से पांच के 2660 बच्चे शामिल हुए थे. संस्था द्वारा उक्त परीक्षा के मूल्यांकन के आधार पर 234 प्रतिभाशाली बच्चों को चयनित किया गया और संस्था के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार और शनिवार को सभी विद्यालयों में जाकर चयनित बच्चों को पुरस्कृत किया. पुरस्कार के रूप में गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित गांधी जी के जीवन चित्र पर आधारित पुस्तक मोनिया सभी बचों को प्रदान की गयी. ज्ञातव्य है कि गांधी जी का बचपन का पुकार का नाम "मोनिया" था. प्रतियोगिता में कैथी संविलियन,कैथी प्रथम, भंदहा कला, ढाखा, मोलनापुर, दुबानबस्ती, दुर्गवा, श्रीकंठपुर, कुर्सिया, डूढवां, सरैया, टेकुरी, धौरहरा प्राथमिक, धौरहरा संविलियन, भगवानपुर, बहादुरपुर, बिरनाथीपुर, ऊगापुर, पलकहाँ, और कौवापुर विद्यालय के बच्चे शामिल हुए थे. आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय बताया कि गान्धी जी की शहादत के पचहत्तरवें वर्ष के अवसर पर यह प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी जिसमे सरकारी स्कूलों के बच्चो और शिक्षकों ने बहुत ही उत्साह दिखाया. इन विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की प्रतिभा को पहचानने और निखारने की आवश्यकता है इसलिए ऐसी गतिविधियाँ नियमित करने के लिए आशा ट्रस्ट संकल्पित है. सामान्य ज्ञान परीक्षा आयोजन, प्रश्नपत्र



## स्व. डा. श्री कुबेर सिंह जी की 18वीं पुण्यतिथि पर महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। अदलहट क्षेत्र के शेरवा भाईपुर कला स्थित स्व, डॉ, श्री कुबेर सिंह महाविद्यालय में श्री कुबेर सिंह जी की 18 वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि धर्मेंद्र सिंह सह मीडिया प्रभारी भाजपा उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि पंडित हरिराम द्विवेदी गीतकार एवं साहित्यकार उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का विद्यालय के संरक्षक नागेश कुमार सिंह एडवोकेट एवं प्रबंधक डॉ अनुराग सिंह के द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया। महाविद्यालय के छात्राओं ने सर्वप्रथम सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की, महा विद्यालय के बच्चों द्वारा शिक्षाप्रद नाटक गीत सांस्कृतिक कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण समेत कई विषयों पर मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मध्य में क्षेत्रीय विधायक पूर्व मंत्री रमाशंकर सिंह पटेल समेत अन्य गणमान्य जन उपस्थित हुए जिनका संरक्षक एवं प्रबंधक द्वारा स्वागत किया गया। क्षेत्र के गरीब एवं असहाय विकलांग जन को महाविद्यालय परिवार की तरफ से 500 कंबल व 101 गरीब बच्चों को निशुल्क ड्रेस वितरण किया गया। महा विद्यालय प्रबंध समिति के द्वारा 11 वरिष्ठ एवं संभ्रांत जन को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया कार्यक्रम का संचालन अरविंद कुमार सिंह ने किया उपस्थित रहने वालों में प्राचार्य डॉ आलोक कुमार डी एल एडवोकेट विभागाध्यक्ष डॉ हिमांशु सिंह रामनरेश राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी हरिराम द्विवेदी मस्तराम द्विवेदी अभिमन्यु सिंह नागेंद्र प्रसाद द्विवेदी राज किशोर त्रिपाठी बलवंत सिंह कल्याण शंकर सिंह बहादुर सिंह पूर्णमासी जयसवाल आशा पांडे रितेश द्विवेदी सुरेंद्र कुमार डॉक्टर रऊफ खान समेत विद्यालय के अध्यापक व कर्मचारी गण एवं विशिष्ट जन उपस्थित रहे।



# संक्षिप्त खबरें

## आपसी रंजिश को लेकर दो मनबढ़ लोगों में मारपीट




प्रखर चंदौली। जिले के सकलडीहा कोतवाली अंतर्गत ग्राम फुल्ली में दो मन भर युवकों में आपसी रंजिश को लेकर मारपीट किया गया जिसमें दोनों पक्षों के तहरीर पर सकलडीहा कोतवाली एसएचओ अनिल कुमार पांडे ने दोनों पक्षों को कुछ देर बिठाए रखा फिर दोनों पक्षों को धारा 107 16 151 116 बटा 3 जीपीसी के अंतर्गत दोनों पक्षों का चालान कर दिया इससे मनभर युवक काफी दुखी नजर आ रहे थे लेकिन ऐसे लोगों को यही सजा अच्छी है जिससे कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखें इसमें एएसआई मनीष शंकर द्विवेदी सूर्य मणि त्रिपाठी आदि लोग गिरफ्तार कर जेल भेज दिया मनभर युवक आकाश अंकित दोनों शर्मा चंदन शर्मा आदि लोगों को 151 धारा अंतर्गत चालान कर दिया गया यह लोग शांति व्यवस्था को अक्सर आए दिन भग किया करते थे।

## स्माइल परिवार सिंधी सेवा समिति द्वारा किया गया ध्वजारोहण और गाया राष्ट्रगान



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। 26 जनवरी 74वें गणतंत्र दिवस और बसन्त पंचमी के शुभ अवसर पर स्माइल परिवार सिंधी सेवा समिति द्वारा झूलेलाल नगर कालोनी स्थित पार्क में किया गया ध्वजारोहण और गाया राष्ट्रगान` कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की पूजन से किया गया जिसमे सिंधी समाज व संस्था के गणमान्य जन उपस्थित रहे यहाँ पर आयें हुए सभी अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष रवि होतवानी ने किया ,संचालन सचिव सत्येन्द्र मनसानी ने किया ,धन्यवाद प्रकाशन संस्था के संस्थापक रवि सहता ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश रूपेजा, सुरेश गिड़वानी, चंदन राम रख्यानी, बादल बत्रा, विजय वाधवानी, आशीष कलवानी, रोहित आडवाणी, विशाल बालानी, दयाराम नागवानी, भुवन लखमानी, सुनील वाधवानी, भविष्य लखवानी, ललित नागवानी, अशोक अंबानी, दीपक सदवानी और महिलाओ में प्रिया गिडवानी,आस्था मानसानी ,भाविका आडवाणी, मुस्कान गुरनानी, माही सचदेवा,पलक वादवानी, नम्रता सचदेवा आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप सचदेवा ,सुनील लालवानी, लव लखमानी रहे।

## अभिनेता चन्दन सेठ का लोगों ने जगह-जगह किया गर्मजोशी से स्वागत

**"फैंस की भारी भीड़ के बीच एक्टर ने असहाय एवं गरीबों में बांटे कंबल"**

प्रखर जलालपुर जौनपुर। क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव निवासी रियल हीरो की मिसाल पैदा करने वाले एक्टर चन्दन सेठ अक्सर सुर्खियों में रहते हैं।उनका दरियादिली वाला अंदाज किसी से छिपा नहीं है, यही वजह है कि आज फैंस उन्हें बेइंतहा प्यार करते हैं।बीते गुरुवार जब चन्दन सेठ पराऊगंज बाजार में पहुंचे तो वहां के उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवचन्द यादव व सरकोनी में वैद्य सुदर्शन मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने उनका बैंड बाजे व गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया।अभिनेता चन्दन की एक झलक पाने के लिए लोग अपनी छतो पर से देख रहे थे।भारी सुरक्षा के बीच अभिनेता ने वहां असहाय व गरीब लोगों में कंबल वितरण किया।बता दें चन्दन सेठ,पराऊगंज बाजार में सम्मान समारोह व असहाय एवं गरीबों में कंबल वितरण के लिए वहां पहुचे थे।इस दौरान पराऊगंज चौकी इंचार्ज सत्येन्द्र बहादुर पटेल अपने हमराहीयों के साथ वहां डटे रहे।श्री सेठ ने पत्रकार वार्ता में बताया वो जौनपुर शहर स्थित शक्तिपीठ माता शीतला चौकिया महोत्सव में सम्मलित होने जा रहे थे।जहां उनके चाहने वालों ने जगह-जहग स्वागत समारोह रखा हुआ था।लोगों का इतना प्यार और सम्मान पाके मैं अभिभूत हूं।इस दौरान वहां गायक रंजन दुबे,विनय वर्मा,श्रीराम यादव,मुलायम यादव,प्रताप बहादुर पटेल,विरेन्द्र यादव,हरिकेश सोनकर,गिरधर सेठ,विनय सिंह,अरविन्द यादव,संगम जायसवाल,श्रवण दुबे,आरजू चौबे,अभिषेक चौबे,अब्दुल रहीम,लाल मोहम्मद,वैद्य विष्णु प्रसाद मिश्रा,शास्त्री कनौजिया,संतोष जायसवाल समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।चन्दन सेठ बहुत जल्द बहुचर्चित फिल्म "बैरी कंगना" के रीमेक "बैरी कंगना फिर से" में मुख्य किरदार में दिखाई देंगे।

## संविधान के उद्देशिका की शपथ दिलायी गई

प्रखर गाजीपुर। भारत के 74वाँ गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में संजय कुमार टप्पए जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर की अध्यक्षता में प्रातः 08:30 बजे समस्त न्यायिक अधिकारीगण, विद्वान अधिवक्तागण, तृतीय, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण एवं सुरक्षाकर्मी जनपद न्यायालय के मुख्य द्वारा पर उपस्थित हुए। संजय कुमार-टप्पए माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा झण्डारोहण किया गया तथा समस्त न्यायिक अधिकारीगण, विद्वान अधिवक्तागण, कर्मचारीगण को भारतीय संविधान में निष्ठा रखने एवं संविधान का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु संविधान की उद्देशिका का शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारीगण, विद्वान अधिवक्तागण, कर्मचारीगण एवं सुरक्षाकर्मी उपस्थित हुए।

## सिगरा में ताइक्वांडो के नए क्लास का शुभारंभ




प्रखर वाराणसी। गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी के अवसर पर द वाराणसी ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में ताइक्वांडो कोच हर्षा नाथानी का ताईक्वांडो के नए क्लास का शुभारंभ सिगरा के मैरिज प्वाइंट में हुआ। जिस का भव्य उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज शर्मा के संरक्षण में पूर्वांचल महिला व्यापार मंडल की अध्यक्ष चांदनी श्रीवास्तव के हाथों माता सरस्वती का पूजन कर व केक काटकर किया गया। कोच हर्षा नाथानी ने बताया की क्लास का समय सायं 4 बजे से 5 बजे तक रहेगा। ताइक्वांडो में ब्लैक बेल्ट थर्ड डॉन हर्षा नाथानी एवं उनके सहयोगी अविनाश सिंह ने कार्यक्रम में आए ताइक्वांडो के कोच तथा वरिष्ठ खिलाड़ियों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से एसोसिएशन के महासचिव शहंशाह कमाल,कोषाध्यक्ष अमित जायसवाल,महिला टीम की अध्यक्ष पूजा यादव सहित सभी पदाधिकारी एवं मनोज पटवा,जयप्रकाश,संतोष सेठ, नंदलाल झमनानी आदि लोग उपस्थित रहे।

## बीटीआर में शामिल होंगे 60 और गांव : सीएम हिमंत

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि राज्य के 60 और गांवों को बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (बीटीआर) में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा, बीटीआर में शामिल किए जाने वाले 60 नए गांवों में से 43 राजस्व गांव और 13 वन गांव होंगे। ये गांव असम के ढेकियाजुली, सूटिया, विश्वनाथ, बेहाली और गोहपुर के क्षेत्रों से होंगे। 80 फीसदी बोडो आबादी वाले गांवों को बीटीआर में शामिल किया जाएगा। बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल के प्रमुख प्रमोद बोरो ने सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की घोषणा का स्वागत किया है।

## बाइडेन की शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने की अपील

**वाशिंगटन, (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने लोगों से शांतिपूर्ण विरोध का आहवान किया और हिंसा के कृत्यों की निंदा की है। श्री बाइडेन का यह बयान 29 वर्षीय अश्वेत व्यक्ति टायर निकोल्स की मौत में पांच अधिकारियों के होने की बात सामने आने के बाद आया है। उल्लेखनीय है कि एक श्रेष्ठ जूरी ने गुरुवार को पांच मेम्फिस अधिकारी को दूसरी डिग्री की हत्या से लेकर अपहरण के लिए उकसाने के लिए आरोपित किया गया था।

## मणिपुर में हिरासत में लिये गए म्यांमार के अवैध प्रवासी

**इम्फाल (एजेंसी)।** मणिपुर पुलिस और टेंग्नौपाल जिला के अधिकारियों ने मणिपुर-म्यांमार सीमा क्षेत्र में मोरेह उपमंडल के एच लंगचाम गांव के ठीक बगल में नया सालबंग नामक एक नया गांव का पता लगाया है तथा वहां रह रहे म्यांमार के अवैध प्रवासियों को हिरासत में ले लिया है। अधिकारियों ने इस गांव का गुरुवार को पताया लगाया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस गांव को म्यांमार से अवैध प्रवासियों ने बसाया है। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की गई हैं और म्यांमार के सभी निवासियों को हिरासत में लिया गया है।

## आईएस का दुर्दांत आतंकी अल-सूडानी मारा गया

**वाशिंगटन, (एजेंसी)।** अमेरिकी सेनाओ ने सोमालिया का उत्तरी इलाके में एक अभियान में वहां जिहादी संगठन इस्लामिक स्टेट के दुर्दान्त सरगना बिलाल-अल-सूडानी को एक अभियान में मार गिराया है। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड-जे-ऑस्टिन तृतीय ने इस अभियान की पुष्टि की है। सूडानी सोमालिया में आईएसआईएस के नेटवर्क का मुख्य संचालक और समन्वयक था। उसे अफ्रीका में आईएसआईएस की गतिविधियों और उसके वित्त पोषण का सूत्रधार माना जाता था। अमेरिकी सैन्य बलों को सोमालिया में आईएसआईएस के सदस्यों के खिलाफ अभियान चलाने के लिए निर्देश दिए गए थे।

## जेफ जेंट्स व्हाइट हाउस 'चीफ ऑफ स्टाफ' नियुक्त

**वाशिंगटन, (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को अपने लंबे समय के सहयोगी 56 वर्षीय जेफ जेंट्स को व्हाइट हाउस का नया 'चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया। पूर्व राष्ट्रपति ओबामा की सरकार में काम कर चुके जेंट्स ने कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए बड़ा अभियान चलाया था। जेंट्स दो साल से अधिक समय तक इस पद पर काम करने वाले रॉन क्लैन की जगह लेंगे। बाइडन ने कहा कि अगले हफ्ते व्हाइट हाउस में एक आधिकारिक परिवर्तन समारोह आयोजित किया जाएगा।

## मशहूर अभिनेत्री जमुना का हैदराबाद में निधन

**हैदराबाद, (एजेंसी)।** फिल्म 'सत्यभामा' के अपने किरदार से मशहूर जानी-मानी अभिनेत्री-निर्देशक एवं पूर्व सांसद जमुना का शुक्रवार को यहां उनके आवास पर निधन हो गया। अभिनेत्री 86 वर्ष की थीं। उनके परिवार में एक पुत्र वामसी जुलुरी और पुत्री श्रवणती हैं। उनके पति जुलुरी वेंकट रमना राव का 2014 में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

## आज का इतिहास

- 1813: ब्रिटेन में पहली बार 'प्राइड एंड प्रेजुडिस' किताब का प्रकाशन हुआ।
- 1835: पश्चिम बंगाल में कलकत्ता मेडिकल कॉलेज की शुरुआत हुई।
- 1860: ब्रिटेन ने औपचारिक रूप से निकारागुआ को मास्क्विटो तट लौटाया।
- 1865: स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय का जन्म।
- 1878: 'येल डेली न्यूज' अमेरिका में प्रकाशित होने वाला पहला दैनिक समाचारपत्र बना।
- 1878: अमेरिका के न्यू हेवन में पहला टेलीफोन एक्सचेंज बना।
- 1887: फ्रांस की राजधानी पेरिस में एफिल टॉवर का काम शुरू।
- 1909: क्यूबा पर से अमेरिका का नियंत्रण समाप्त हो गया।
- 1909: सेना के 'प्रथम भारतीय सेनाध्यक्ष' के.एस. करियप्पा का जन्म।
- 1926: हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार, संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान विद्यानिवास मिश्र का जन्म।

# मालासेरी में पीएम की आमसभा आज

**भीलवाड़ा, (एजेंसी)** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के मालासेरी में शनिवार को होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आमसभा में महिलाएं देवनारायण भगवान की गाथा गाते हुए पहुंचेंगी, वहीं अन्य लोग ढोल-बजाते नाचते हुए आएंगे।

मांडल क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर ने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र में पीएम मोदी की यात्रा को लेकर खासा उत्साह है। इन क्षेत्रों के ग्रामीण अपने स्तर पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों एवं चौपहिया वाहनों से मालासेरी पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि सभास्थल से 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले कीढ़ीमाल, ज्ञानगढ़ एवं नारेली आदि गांवों के महिला-पुरुष ट्रैक्टर-ट्रॉली से रवाना होकर भगवान देवनारायण के भजन कीर्तन करते हुए आएंगे। साथ ही कई लोग ढोल नगाड़े बजाते हुए पहुंचेंगे। शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र से रोशन मेघवंशी के बताया कि मोदी की यात्रा को लेकर लोगो मे बड़ा उत्साह है। जहाजपुर विधानसभा से विधायक गोपी लाल मीणा का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी को निहारने और सुनेंगे के लिए लोग उत्साहित हैं। फौजियों के लिए केंद सरकार ने जो किया उसे लेकर उनके परिवार के लोग भी आसींद पहुचेंगे।

### मोदी की मालासेरी यात्रा पूरी तरह से गैर राजनीतिक है : मेघवाल

**भीलवाड़ा (एजेंसी)।** केंद्रीय संस्कृति मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मालासेरी यात्रा पूरी तरह से राजनीति विहीन है। इसे राजनीति से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। श्री मेघवाल ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की उन्नति में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली से वायुयान से रवाना होकर उदयपुर पहुंचेंगे, जहां से वे हैलीकॉप्टर द्वारा 11 बजे बाद मालासेरी डूंगरी स्थित हैलीपेड पहुंचेंगे। जहां से वे, भगवान देवनारायण की प्राकाट्य स्थली मालासेरी में नीम का पौधा लगायेंगे। बाद में भगवान देवनारायण और साडूमाता के दर्शन करेंगे। श्री मोदी इसके बाद जनसभा को संबोधित करेंगे।

### झांकी के कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुति



गणतंत्र दिवस परेड 2023 में भाग लेने वाले झांकी कलाकारों ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ मुलाकात की। इस दौरान लोक कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में रंगारंग प्रस्तुति भी दी।

# सिंधु जल संधि में संशोधन पर भारत का पाक को नोटिस

## 62 साल पुरानी जल संधि के उल्लंघन का विरोध



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारत ने 62 साल पुरानी सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान की मनमानी और विश्व बैंक द्वारा प्रावधानों के उल्लंघन से उपजी परिस्थिति में संधि को संशोधित किए जाने संबंध में पाकिस्तान को एक नोटिस जारी किया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि पाकिस्तान के मनमाने व्यवहार के कारण भारत ने यह कदम उठाया है। सितंबर 1960 में हस्ताक्षरित इस संधि में संशोधन को लेकर बुधवार 25 जनवरी को सिंधु जल संधि के तहत भारतीय आयुक्त ने पाकिस्तानी समकक्ष को संधि के अनुच्छेद 7 (3) के तहत नोटिस भेजा है।

सूत्रों ने कहा कि इस संशोधन का मकसद पाकिस्तान को सिंधु जल संधि के उल्लंघन को सुधारने के लिए 90 दिनों के भीतर अंतर-सरकारी बातचीत में शामिल होने का अवसर प्रदान करना है। इस प्रक्रिया में बीते 62 वर्षों में अनुभवों एवं सबकों को भी संधि में स्थान देना है।

सूत्रों के अनुसार भारत सिंधु जल संधि के उसकी पूरी भावना के साथ क्रियान्वयन के लिए हमेशा से एक जिम्मेदार साझीदार एवं सतत समर्थक रहा है। हालांकि पाकिस्तान का व्यवहार एवं कार्यकलाप संधि के प्रावधानों के विपरीत रहे हैं और इससे भारत को संधि में संशोधन के लिए एक समुचित नोटिस जारी करने के लिए विवश होना पड़ा है।

सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान ने वर्ष 2015 में भारत की किशनगंगा और रातले जलविद्युत परियोजनाओं पर तकनीकी आपत्तियों की जांच के लिए एक तटस्थ विशेषज्ञ की नियुक्ति का अनुरोध किया था।

### पाकिस्तान एकतरफा ढंग से अपने अनुरोध से पीछे हटा

2016 में पाक एकतरफा ढंग से अपने अनुरोध से पीछे हट गया और अपनी आपत्तियों के निस्तारण के लिए एक न्यायाधिकरण के माध्यम से मध्यस्थता कराने का प्रस्ताव लेकर आया। पाकिस्तान की यह एकतरफा कार्रवाई संधि के अनुच्छेद 9 में विवाद निस्तारण की वर्णित प्रणाली के विपरीत थी। लेकिन भारत ने इसी प्रणाली के वर्णित प्रावधानों के अनुरूप इस मामले को लेकर एक तटस्थ विशेषज्ञ का अनुरोध किया। सूत्रों ने कहा कि समान प्रश्नों पर दो समानांतर प्रक्रियाओं को शुरू करने एवं उसे लेकर दोनों प्रक्रियाओं में अलग अलग अथवा विरोधाभासी निर्णय आने की संभावना से एक अभूतपूर्व एवं वैधानिक रूप से एक विचित्र स्थिति पैदा हो गयी जिससे सिंधु जल संधि की प्रासंगिकता को ही जोखिम पैदा हो गया था। विश्व बैंक ने 2016 में ही इस स्थिति को समझ लिया था और दोनों समानांतर प्रक्रियाओं को स्थगित करने का फैसला करने के साथ ही भारत एवं पाकिस्तान से परस्पर स्वीकार्य निष्कर्ष पर पहुंचने का आग्रह किया था।

# डीजीसीए ने गो फर्स्ट एयरलाइंस पर लगाया 10 लाख रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) की सख्ती के बाद भी एयरलाइंस कंपनियों का रवैया सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। नौ जनवरी को बेंगलुरु से दिल्ली जा रही गो फर्स्ट ने 55 यात्रियों को एयरपोर्ट पर छोड़कर ही उड़ान भर दी थी। इसके बाद एयरपोर्ट पर छूट गए यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। इस मामले को लेकर डीजीसीए ने गो फर्स्ट से रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट आने के बाद डीजीसीए ने कंपनी पर 10 लाख का जुर्माना लगाया है. इसे लेकर सोशल मीडिया पर खुद पैसेंजर्स ने कंपनी को शिकायत दर्ज कराई थी और अपना गुस्सा जाहिर किया था। हैरानी की बात तो तब हो गई जब पता चला कि फ्लाइट के उड़ान भरने के दौरान सभी यात्री ऑन बोर्ड के लिए बस में ही मौजूद थे।

### 55 यात्रियों छोड़कर ही टेक ऑफ कर गई थी फ्लाइट

डीजीसीए ने मांगी थी रिपोर्ट- शिकायत दर्ज कराने के बाद गो फर्स्ट ने लोगों से माफी मांगी और एयरपोर्ट पर बचे 53 पैसेंजर को दूसरे फ्लाइट में शिफ्ट किया गया जबकि उनमें से दो लोगों ने रिफंड की मांग की थी जब यह मामला डीजीसीए के पास पहुंचा तब उन्होंने गो फर्स्ट से घटना की जानकारी मांगी। एक पैसेंजर ने ट्वीट करते हुए लिखा कि 55 पैसेंजर 5.35 पर विमान में जाने के लिए बस में तैयार हुए लेकिन 6.30 बजे तक उन्हें रोक दिया गया और फ्लाइट टेक ऑफ हो गई। यह पहली बार नहीं है जब एयरलाइंस कंपनियों की लापरवाही देखने को मिली है. जनवरी 2023 के महीने में एक और मामला सामने आया था जिसमें 30 यात्रियों को छोड़कर ही स्कूट एयरलाइंस ने 5 घंटे पहले ही उड़ान भर दी थी।

## नेशनल लॉजिस्टिक पोर्टल का अनावरण

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को यहां नेशनल लॉजिस्टिक पोर्टल (एनएलपीः समुद्री) का उद्घाटन किया जो हितधारकों की सुविधा के लिए एक खुले डिजिटल प्लेटफार्म की अवधारणा पर विकसित किया गया है । यह समुद्री राष्ट्रीय महत्व की एक परियोजना है, इसे बंदरगाह, नौवहन जलमार्ग मंत्रालय और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय ने विचार-विमर्श कर तैयार किया गया है। पोर्टल के अनावरण पर श्री सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त 2021 को लोगों, वस्तुओं और सेवाओं के निर्बाध आवागमन के लिए पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान की घोषणा की थी जिसे साकार किया गया है।

## कार ने स्कूटी सवार युवकों को घसीटा, एक की मौत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दिल्ली में एक बार फिर से हिट, रन और ड्रैग का केस सामने आया है। इस हादसे में एक शख्स की मौत हो गई जबकि दूसरा अभी हॉस्पिटल में भर्ती है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में गैर इरादतन हत्या की धारा के तहत केस दर्ज कर ड्राइवर समेत कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

### दिल्ली में हिट एंड रन केस

गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब तीन बजे केशवपुरम थाने की दो पीसीआर वैन इलाके में पेट्रोलिंग कर रही थीं। तभी उसमें सवार पुलिस कर्मियों ने देखा कि कन्हैया नगर इलाके के प्रेरणा चौक पर एक टाटा जेस्ट कार ने एक्टिवा स्कूटी में जोरदार टक्कर मारी। स्कूटी पर बैठा एक युवक हवा में उछलकर कार की छत पर गिरा। वहीं, दूसरा युवक उछलकर कार की विंडस्क्रीन और बोनट के बीच फंस गया, जबकि स्कूटी नीचे बंपर में फंस गई। हादसे के बाद आरोपियों ने कार मौके से भगा दी, लेकिन पीसीआर में तैनात पुलिसकर्मियों ने तकरीबन साढ़े तीन सौ मीटर पीछा करने के बाद कार में सवार सभी पांच लोगों को पकड़ लिया।

## लखीमपुर हिंसा केस का मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा जेल से रिहा



### दूसरे गेट से निकाला गया बाहर

**लखीमपुर खीरी, (एजेंसी)।** लखीमपुर हिंसा मामले का मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा मोनू जेल से रिहा हो गया है। उसे लखीमपुर जेल के दूसरे गेट से बाहर निकाला गया। उसे सर्वोच्च अदालत ने 8 हफ्तों के लिए सशर्त जमानत दी है। इसके बाद शुक्रवार को उसकी रिहाई हुई है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जेके माहेश्वरी की पीठ ने लखीमपुर हिंसा के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत पर सुनवाई करते हुए आशीष मिश्रा की जमानत मंजूर कर ली थी।

कोर्ट ने शर्त लगाई है कि आशीष मिश्रा इस दौरान यूपी और दिल्ली में नहीं रहेगा। कोर्ट ने यह भी कहा है कि जमानत पर जेल से छूटने के एक सप्ताह में उसे उत्तर प्रदेश और दिल्ली छोड़ना होगा। आशीष केस से जुड़े गवाहों को धमकाने की कोशिश नहीं करेगा। जमानत पर रहने के दौरान आशीष मिश्रा, जहां भी होगा उसे वहां के थाने में हाजिरी लगानी होगी।

## प्रभावितों के समर्थन में जुटी भीड़ का सरकार के विरोध में प्रदर्शन

*जोशीमठः भीड़ ने एनटीपीसी के विरोध में मार्च निकाला*



**चमोली, (एजेंसी)।** जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के आह्वान पर शुक्रवार को उत्तराखंड के चमोली जिले के जोशीमठ में भू-धंसाव प्रभावितों और उनके समर्थन में जुटी लोगों की भीड़ ने सरकार और राष्ट्रीय तापविद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) के विरोध में मार्च निकाला।

उत्तराखंड के सीमांत नगर जोशीमठ भू-धसाव प्रभावितों और उनके समर्थन में जुटी पैनखंडा ब्लाक के गांवों की जनता ने विशाल प्रदर्शन कर सरकार पर प्रभावितों के विस्थापन एवं पुनर्वास के मामले में लापरवाही तथा बहानेबाजी करने का आरोप लगाया। साथ ही आपदा के लिए एनटीपीसी को जिम्मेदार ठहराते हुए उसके विरोध में नारेबाजी भी की। प्रदर्शन के दौरान लोग 'एनटीपीसी गो बैक' के नारे भी लगा रहे थे।

जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के अव्रान पर शुक्रवार को जोशीमठ में भू-धंसाव प्रभावितों के समर्थन में पैनखंडा प्रखंड की जनता ने सरकार और एनटीपीसी के विरोध में मार्च निकाला।

जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अतुल सती ने बताया प्रदर्शन में सभी संगठनों, स्थानीय जनता, प्रभावित, व्यापारी, बच्चे व महिलाओ के समेत क्षेत्र की बड़ी संख्या में जनता इस प्रदर्शन में जुटी। प्रदर्शन में महिलाओं की संख्या सबसे अधिक रही।

## रूस के 22 लोगों, तीन कंपनियों की संपत्ति जब्त

**टोक्यो, (एजेंसी)।** जापान ने यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान के मद्देनजर शुक्रवार को रूस के 22 व्यक्तियों और तीन कंपनियों की संपत्तियों को जब्त कर लिया। यह जानकारी जापान के विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर दी गई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि संपत्ति जब्त करने के उपाय (1) और (2) विदेश मंत्रालय के नोटिस (27 जनवरी को घोषित) रूसी संघ के व्यक्तियों और संस्थाओं (22 व्यक्तियों और 3 संस्थाओं) के लिए प्रभावी होंगे। जिन लोगों की सम्पत्तियां जब्त की गई है, उनके बारे में जापान का मानना है कि इन्होंने क्रीमिया के स्वायत्त गणराज्य और सेवस्तोपोल शहर या यूक्रेन के पूर्वी हिस्से की अस्थिरता के साथ-साथ यूक्रेन में रूस की कार्रवाई में शामिल हैं। जापान ने रूस को वैक्सीन, चिकित्सा उपकरणों, दवाओं, परमाणु सामग्री एवं उपकरणों और विस्फोटकों का पता लगाने वाले उपकरणों के निर्यात पर शुक्रवार को प्रतिबंध लगा दिया।

### जापान का यूक्रेन युद्ध पर एक्शन

## भारत-जापान की वायुसेना का सैन्य अभ्यास संपन्न

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारत और जापान की वायु सेनाओं के बीच करीब दो सप्ताह तक चला सैन्य अभ्यास 'वीर गार्डियन 2023' गुरुवार को जापान में संपन्न हो गया, जिसमें दोनों वायु सेनाओं के जांबाजों ने हवाई रण कौशल के साथ साथ सर्वोत्तम रणनीति और अनुभव भी साझा किए। वायु सेना के अनुसार दोनों देशों के बीच अपनी तरह का यह पहला सैन्य अभ्यास था।

जापान की ओर से लड़ाकू विमानों एफ-2 और एफ-15 ने अभ्यास में हिस्सा लिया जबकि भारत की ओर से सुखोई-30 लड़ाकू विमान, हवा में ईंधन भरने की क्षमता वाले आईएल-78 विमान ने जौहर दिखाए। दोनों वायु सेनाओं ने इस दौरान विभिन्न तरह के अभियानों के लिए जटिल और व्यापक हवाई करतबबाजी दिखाते हुए अभ्यास किया।

**बड़ी कामयाबी**

स्वदेशी रक्षा तकनीक में भारत की एक और ऊंची छलांग

# हाइपरसोनिक मिसाइल क्लब में भारत शामिल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारत ने ओडिशा तट के कलाम द्वीप से शुक्रवार को हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर व्हीकल (एचएसटीडीवी) का सफल परीक्षण किया। डीआरडीओ की इस प्रौद्योगिकी से भविष्य में कम लागत पर लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों व उपग्रहों का उत्पादन करने में मदद मिलेगी।

इस सफल टेस्ट के बाद भारत अब अमेरिका, रूस, चीन के साथ हाइपरसोनिक मिसाइल क्लब में शामिल हो गया है। भारत ने इससे पहले 07 सितम्बर, 20 को सफलतापूर्वक हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर व्हीकल (एचएसटीडीवी) का परीक्षण किया था। स्वदेशी रक्षा तकनीक में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित करने के लिए भारत की यह विशाल छलांग है। आज का यह परीक्षण ओडिशा तट पर कलाम द्वीप से किया गया। यह देश में एक प्रमुख तकनीकी सफलता है। इस परीक्षण के बाद अधिक महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, सामग्रियों और हाइपरसोनिक वाहनों के विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है।



कलाम द्वीप से एचएसटीडीवी का सफल परीक्षण

इस उड़ान परीक्षण के साथ हाइपरसोनिक एयर-ब्रीदिंग स्क्रैमजेट तकनीक का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया, जिससे भविष्य में हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइलों और वाहनों का विकास होगा। इस परीक्षण ने भारत को अमेरिका, रूस, चीन के चुनिंदा क्लब में शामिल कर दिया है जिन्होंने पहले ही इस तकनीक का प्रदर्शन किया है। इस परीक्षण का मतलब है कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) अगले पांच वर्षों में स्क्रैमजेट इंजन के साथ एक हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित करने की क्षमता हासिल करेगा, जिसमें दो किलोमीटर प्रति सेकंड से अधिक की यात्रा करने की क्षमता होगी।

यह स्वदेशी तकनीक ध्वनि की गति से छह गुना गति से यात्रा करने वाली मिसाइलों के विकास की ओर मार्ग प्रशस्त करेगी। एचएसटीडीवी का परीक्षण करने में ओडिशा तट पर कलाम द्वीप से शुक्रवार सुबह 11.03 बजे अग्नि मिसाइल बूस्टर का इस्तेमाल किया गया।एक रक्षा सूत्र ने कहा कि इस तकनीक से क्रूज मिसाइलें अब हाइपरसोनिक गति से यात्रा कर सकती हैं। स्क्रैमजेट इंजन एक बड़ी सफलता है।

# कराची में आग से जला 50 साल पुराना हिंदू मंदिर

**कराची ■ एजेंसी**



कराची विश्वविद्यालय के भीतर झुग्गी क्षेत्र पर कब्जे की नीयत से भू-माफिया ने स्थानीय एसएचओ मछवानी से मिलीभगत कर यहां आग लगवा दी। जानकारी के मुताबकि इस झुग्गी क्षेत्र में पिछले 30 सालों से कई गरीब हिंदू परिवार रह रहे हैं। इस क्षेत्र में 50 साल पुराना एक हिंदू मंदिर भी आग से जल गया है। कराची विश्वविद्यालय के भीतर झुग्गी क्षेत्र में आग से जलाए गए 50 साल पुराने हिंदू मंदिर का एक वीडियो वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जलाए गए मंदिरों में मां शेरा वाली, भगवान भोले नाथ ,भगवान श्री राम और बजरंगबली हनुमान जी की मूर्तियां शामिल हैं। वहीं इस घटना के बाद भड़के आक्रोश को दबाने के लिए पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले दागे गए हैं. जिसमें दो नौजवानों के जख्मी होने की खबर है।

## चार दिन के मेले में 29 जनवरी को प्रमुख मेला रहेगा

प्रखर विंध्याचल, मिजार्पुर। इस उर्स मेले में भारी संख्या में हिंदू,मुस्लिम,सिख,ईसाई आदि सभी धर्मो के लोग जायरत करने आते है। मन्नतें, मुरादें मांगते और पूरी होने पर चादर चढ़ाते है। इंतजामिया कमेटी वक्फ 42 के अध्यक्ष शौकत अली ने बताया कि कमेटी जायरीनों की सुविधा को देखते हुए सारे इंतजाम कर लिया गया है। घाटों के बड़ी कटान से कोई नीचे न गिर सके इसके लिए ऊपर से बैरिकेडिंग कर दिया गया जिससे कोई अप्रिय घटना न घट सके।नगर पालिका द्वारा जायरीनों को विश्राम के लिए टेंट और प्रकाश तथा पेयजल की व्यवस्था कर लिया गया है। पुलिस प्रशासन की ड्यूटी लगाई जा चुकी है और खोया पाया केंद्र भी बना लिया गया है। दूर दराज से आए दुकानदारों को दुकान के लिए स्थान आवांटीत किया जा चुका है। शनिवार की सुबह से जायरीनों द्वारा चादर चढ़ाना शुरू हो जाएगा। शनिवार/रविवार की रात 2 बजे से जवाहिर कसेरा द्वारा गुसूल कर संदल किया जाएगा इसके बाद चादर पोशी की जायेगी फिर उर्फ मेला का शुरूवात हो जायेगी। उर्स के मेला में ही दरगाह के ऊपर स्थित कलश का दान जवाहिर कसेरा ने ही किया था।आज भी इसका पॉलिस इन्हीं के परिवार के द्वारा किया जाता है। दरगाह के खादिम फारूक शाह ने बताया कि बाबा को हलुआ,खुरमा,खस्ता तथा अनेक प्रकार का चढ़ावा चढ़ाया जाता है। यहां पर बिहार,मध्य प्रदेश, झारखंड, मुम्बई आदि स्थानों से जायरीन चादर चढ़ाने के लिए आते है। इंतजामिया कमेटी के वालेंटियर इरफान अली एडवोकेट,शमशेर अंसारी,अलाउद्दीन खां,हसनैन अली दर्जनों लोग जायरीनों को हर प्रकार की सुविधा मुहैया कराने के लिए 24 घंटे उर्स के मेले में लगे हुए है।

## सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता ने मांगा स्पष्टीकरण

प्रखर मीरजापुर।अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता ने शनिवार को नगर के विभिन्न वार्डो एवं विंध्याचल के घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया।नगर के बथुआ वार्ड में सफाई व्यवस्था लचर पाए जाने पर वार्ड के सफाई निरीक्षक संकल्प पाण्डेय से स्पष्टीकरण मांगते हुए वेतन रोकने का भी निर्देश दिया है।बता दे अधिशासी अधिकारी के स्थलीय निरीक्षण के दौरान नगर के बथुआ वार्ड में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नही मिली थी।निरीक्षण के दौरान नगर के मुख्य मार्गो और चौराहो पर कूड़ा पड़ा मिला था।सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर गहरी नाराजगी जताते हुये संबधित सफाई निरीक्षक से स्पष्टीकरण मांगते हुए वेतन रोकने का निर्देश दिया गया है।विंध्याचल को स्वच्छ विरासत शामिल किए जाने के बाद घाटों पर विशेष अभियान चलाकर सफाई की जा रही है।शनिवार को पक्के घाट पर सफाई कार्य करवाने के बाद उन स्थानों पर बोरे में बालू भरकर रखवाया भी जा रहा है।इसके साथ ही घाट पर कूड़ा फेकने की शिकायत पर घाटों पर रहने वालो घरों को नोटिस भी जारी किया गया।घाटों पर जमी शील्ट को मशीन और कर्मचारियों की मदद से हटाया भी जा रहा है।इस मौके पर अधिशासी अधिकारी ने कहा कि कई वार्डो में मौके पर जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया है।बथुआ वार्ड में सफाई व्यवस्था लचर पाए जाने पर सफाई निरीक्षक के खिलाफ कार्यवाही की गई है।विंध्यधाम में स्वच्छ विरासत में शामिल किए जाने के बाद लगातार सफाई का कार्य चल रहा है।घाटों पर सफाई करवा कर सुंदरीकरण के लिए बालू के बोरे रखवाए जा रहे है।घाटों पर कूड़ा फेकने पर लगाम लगाने के लिए स्थानीय निवासियों को नोटिस भी जारी किया जा रहा है।जिससे विंध्यधाम में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रहे।

## चोरों ने दो हजार नगद सहित डेढ़ लाख रुपए मूल्य के सोने चांदी के गहनो को किया पार

प्रखर केराकत, जौनपुर । केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के सुरतपुर पलिया गांव में बीती रात चोरी हो गई। चोर गांव लालजी यादव के घर से दो बक्सा उठा ले गए जिसमें दो हजार रुपए नकद और अनेक सोने चांदी के जेवर थे। सबेरे घर से करीब 5 सौ मीटर दूर एक गन्ने के खेत में टूटा बक्सा और कुछ कपड़े पड़े मिले। जानकारी के अनुसार चोर घर के पीछे से छत के रास्ते आंगन में उतर गए और एक कमरे में सो रहे उनके बेटे के कमरे की बाहर से कुण्डी लगाकर बंद कर दिया। बगल के कमरे से तीन बॉक्स उठा ले गए। लालजी ने बताया कि बॉक्स में उनकी पत्नी और बहुओं के सोने के चांदी के जेवर थे। लालजी ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी सबेरे हुई। सूचना पर केराकत कोतवाली और सरकी पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया। घर से करीब 5 सौ मीटर दूर एक गन्ने के खेत में तीनों बॉक्स टूटे पड़े मिले। चोर गहने और नकदी ले गए जबकि कपड़े और आधार कार्ड आदि कागज छोड़ गए। क्षेत्र में आये दिन हो रही चोरी की घटनाओं से नागरिकों में रोष है। लोगों का कहना है कि रात में पुलिस गश्त नहीं करती है। यदि करती तो चोरियां नहीं होतीं।

## फौज की तैयारी कर रहे क्षेत्र के अग्निवीर युवाओं ने शहीदों को किया नमन

प्रखर चंदवक जौनपुर। गणतंत्र दिवस के 74 वें अवसर पर क्षेत्रीय विकास एवं कल्याण समिति डोभी के संस्थापक व समाजसेवी अजीत सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा चंदवक से चलकर सेनापुर शहीद स्मारक तक निकाला गया इस दौरान डोभी क्षेत्र के फौज में जाने की तैयारी करने वाले अग्निवीर तिरंगा यात्रा में भाग लिये।शहीद स्मारक पहुंच शहीदों को नमन कर बंदे मातरम व भरता माता की जय के उद्घोष से पूरा शहीद स्मारक गूंज उठा। इस अवसर पर सुजीत सिंह श्री जयप्रकाश रामपुर ब्लाक प्रमुख डिंपल सिंह श्यामवीर जी सोनू राजभर रोहित यादव आमिर, बबलू यादव इत्यादि लोग उपस्थित रहे ।

## दृष्टि एंटरटेनर्स द्वारा इंडिया नेक्स्ट मास्टर किड्स के तीसरे सीजन का हुआ ऑडिशन राजरानी मेहरोत्रा, विनर एवं ध्वनि मेहरोत्रा, शिवांश मेहरोत्रा को अवार्ड से किया गया सम्मानित

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। महमूरगंज क्षेत्र स्थित एक होटल में दृष्टि एंटरटेनर्स द्वारा 28जनवरी शनिवार कों इंडिया नेक्स्ट मास्टर किड्स के तीसरे सीजन का ऑडिशन किया गया जिसमें वाराणसी ही नहीं पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों से भी आए प्रतिभागियों ने भाग लिया` कार्यक्रम का संचालन मुंबई से आए दृष्टि एंटरटेनर के डायरेक्टर बाबला कथूरिया द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का संचालन राजरानी मल्होत्रा ने किया` इंडिया नेक्स्ट मास्टर किड्स सीजन आडिशन कार्यक्रम में जजेस के रूप में मॉडल रवि नयन, आना दुबे, मॉडल अजय सिंह धीमान इत्यादि लोग उपस्थित थे कार्यक्रम के अंत में चयनित प्रतिभागियों में राजरानी मेहरोत्रा, विनर रही एवं ध्वनि मेहरोत्रा, शिवांश मेहरोत्रा, को अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## कचहरी उप डाक घर में नुजहत फातिमा ने झंडारोहण किया



जौनपुर। नगर में जिला जेल स्थित कचहरी उप डाकघर में गणतंत्रता दिवस के अवसर पर नुजहत फातिमा द्वारा झंडारोहण किया गया। इस अवसर पर लोगो ने गणतंत्र दिवस से जुड़ी बातों पर अपने अपने विचार रखे। जिसमें मुख्य रूप से अमर नाथ रजक, हीरालाल,राजेश सिंह,आरिफ अंसारी, कुसुम यादव, राजेश तिवारी,छाया श्रीवास्तव, पूजा सोनकर, हरेंद्र कुमार, हरिराम, बांकेलाल,अखिलेश आदि लोग उपस्थित रहे।

# मां और नवजात शिशु के लिए है फायदेमंद-कंगारू केयर



किसी दंपत्ति के लिए वह पल बेहद खास होता है। जब उनके घर किलकारी गूंजती है। इस क्षण के लिए माता-पिता लंबे समय से इंतजार करते हैं। वहीं, मां के लिए तो यह क्षण बहुत महत्वपूर्ण होता है। मां, अपने बच्चे को नौ महीने तक गर्भ में पालती है। इस दौरान मां अपना और अपने बच्चे का खूब ख्याल रखती है। इससे बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास सही से होता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो गर्भावस्था की तरह बच्चे का जन्म के बाद भी ख्याल रखना चाहिए। अगर किसी प्रकार की लापरवाही बरतते हैं, तो शिशु को कई प्रकार बीमारी हो सकती है। खासकर, प्रीमेच्योर डिलीवरी से शिशु को सेहत संबंधी कई समस्या होती है। ऐसे बच्चे न तो सही से दूध का सेवन कर पाते हैं और न ही सेहतमंद रह पाते हैं। वहीं, प्रीमेच्योर डिलीवरी के चलते मां के स्तनों में दूध नहीं बनता है। नवजात शिशु के लिए मां का दूध बेहद महत्वपूर्ण होता है। डॉक्टर भी नवजात शिशु को मां का गाढ़ा पीला दूध ही पिलाने की सलाह देते हैं। प्रीमेच्योर डिलीवरी समेत नवजात शिशु को होने वाली अन्य परेशानियों को दूर करने के लिए कंगारू केयर की हेल्प ली जाती है। आइए जानते हैं कि कंगारू केयर के बारे में।

**कंगारू केयर**

आजकल कंगारू केयर की सेवा लगभग सभी छोटे-बड़े शहरों में उपलब्ध है। यह एक प्राकृतिक उपचार है। इसमें मादा कंगारू की तरह अपने बच्चे को छाती से लगाकर रखना होता है। आसान शब्दों में कहें तो कंगारू केयर पद्धति में मां अपने बच्चे को छाती से लगाकर रखती है। इस दौरान मां अपने बच्चे का पूरा ध्यान रखती है। चिकित्सा पद्धति में इसे स्किन टु स्किन कांटेक्ट कहा जाता है। इससे बच्चे की रक्षा होती है। डॉक्टर की मानें तो नार्मल डिलीवरी की तुलना में प्रीमेच्योर डिलीवरी के बच्चे कमजोर होते हैं। उनकी इम्युनिटी कमजोर होती है। साथ ही वजन कम होता है। इस तकनीक के माध्यम से बच्चे का इलाज किया जाता है।

हालांकि, चिकित्सक के देखरेख में ही कंगारू केयर को अपनाएं।

**कंगारू केयर के फायदे**

कंगारू केयर पद्धति के तहत मां लंबे समय तक बच्चे को स्तनपान करा सकती है। वहीं, बच्चा स्तनपान करना भी सीख लेता है। जब कभी बच्चे को भूख लगती है। वह स्तनपान कर लेता है। इससे बच्चे के शारीरिक और मानसिक सेहत का पूर्ण विकास होता है। साथ ही विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बच्चा सुरक्षित रहता है। वहीं, मां को आत्म तृप्ति यानी मानसिक सुख मिलता है।



## क्या आप जानते हैं?

## २८ जनवरी का इतिहास

- **चेचेन्या** के विद्रोही नेता जनरल असलन मस्कादेपू काकेशियाई गणराज्य के राष्ट्रपति 1997 में चुने गये।
- भारत के पूर्व प्रधानमंत्री 'राजीव गांधी हत्याकांड' में 26 अभियुक्तों को 1998 में मृत्युदंड दिया गया।
- भारत में पहली बार 28 जनवरी, साल 1999 को संरक्षित भ्रूण से मेमने का जन्म हुआ।
- भारत ने 28 जनवरी साल 2000 को अंडर-19 के युवा वर्ल्डकप क्रिकेट के फाइनल में श्री लंका को बुरी तरह हराया।
- 28 जनवरी साल 2002 में खराब मौसम की वजह से विमान हादसा हो गया। एक्काडोर का एक विमान नेवादो डी कंबेल ज्वालामुखी की ढलान पर गिर गया, जिससे करीब 92 लोगों जान चली गई।
- पश्चिम बंगाल के हावड़ा में 28 जनवरी साल 2003 में भयंकर सड़क हादसा हो गया, जिसमें करीब 42 लोगों की मौत हो गई और लोग घायल हो गए। आपको बता दें कि एक बस और तेल टैंकर की जोरदार टक्कर से यह हादसा हुआ।
- 28 जनवरी, 2006 का दिन फ्रांस की एमेली मास्को के लिए काफी शानदार रहा, इस दिन उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस का महिला एकल खिताब अपने नाम किया था।
- बांग्लादेश के संस्थापक नेता और पहले राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान की हत्या के 5 दोषियों को 28 जनवरी साल 2010 में फांसी की सजा सुनाई गई।
- 28 जनवरी साल 2012 में नाइजीरिया में बम बिस्फोट हो गया, जिसमें करीब 185 लोगों की मौत हो गई।

## सोशल मीडिया पर घटों समय बिताने पर हो सकते हैं मानसिक रोगी

आज के आधुनिक जीवन में जहां पहले से ही हमारा जीवन चिंता और परेशानियों से घिरा हुआ है, उसमें हमने खुद से अपना स्ट्रेस बढ़ाने के लिए एक चीज और जोड़ रखी है, जिसका नाम



है सोशल मीडिया। इस वर्चुअल वर्ल्ड जिसे दिखावे की दुनिया भी कहा जा सकता है, उसने खुद से और दूसरों से हमारी अपेक्षाएं इतनी बढ़ा दी है कि जो चीज हमारे लिए मायने भी नहीं रखनी चाहिए उसे लेकर कई बार हमारी नींदें उड़ जाती हैं।

हालांकि, इसे लेकर अब धीरे-धीरे लोगों में जागरुकता बढ़नी शुरू हो गई है। ऐसे में कुछ लोग सोचेंगे कि करने को कुछ नहीं होता तो सोशल मीडिया पर ही अच्छा खासा समय बीत जाता है। लेकिन कभी आपने सोचा है कि सोशल मीडिया से पहले भी तो लोग अपना जीवन जीते थे। हमारी तुलना में उनका मानसिक स्वास्थ्य कहीं बेहतर हुआ करता था। चलिए जानते हैं कि सोशल मीडिया पर अपना समय खराब करने के बजाय आप क्या-क्या कर सकते हैं।

- टहलने की आदत डालें।
- संगीत सुनें।
- खुशबूदार मोमबत्तियों की खुशबू के बीच किताब पढ़ें।
- आर्ट या क्राफ्ट करें।
- स्वादिष्ट भोजन बनाएं।
- अगर आपके घर में पेट है तो उसके साथ खेलें।
- योग या ध्यान का प्रयास करें।
- पुरानी तस्वीरें देखें और याद करें।
- किसी दोस्त या परिवार के सदस्य को कॉल करें।
- किसी को घर पर आमंत्रित करें।
- अपने पड़ोसियों या आस-पास रहने वाले लोगों से संपर्क बनाएं।
- दोस्तों के साथ वीकेंड ब्रंच, हाइक या शॉपिंग ट्रिप का आयोजन करें।
- कोई एक्टिविटी सीखने के लिए क्लास जॉइन कर लें।
- पेंटिंग, डांसिंग या फिर कोई अन्य क्लास जॉइन कर लें।
- अपने घर में गार्डेनिंग करें।
- पॉडकास्ट सुनें।

# 218 किलो डेडलीफ्ट में बृजमनगंज को मिला गोल्ड

## पूर्व चेयरमैन जमील सिद्दीकी प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉक्टर एमपी गोस्वामी द्वारा हुए सम्मानित



प्रखर पूर्वांचल न्यूज महराजगंज। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर सिद्धार्थ नगर जिले में आयोजित ओवराल पावरलिफ्टिंग कंपटीशन तनवीर हेल्थ जोन और डोजो हेल्थ जोन के बीच हुए आयोजन में वीरभद्र फिटनेस जिम की तरफ से पार्टिसिपेट कर रहे आलोक और सुजल को 218 kg और 69 kg डेडलीफ्ट लगाकर पहला और दूसरा स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीत कर बृजमनगंज और वीर भद्र फिटनेस जिम का नाम बढ़ाया। सिद्धार्थनगर जिले में 26 जनवरी को आयोजित जिलास्तरीय पॉवरलिफ्टिंग कम्पटीशन तनवीर हेल्थ जोन और डोजो हेल्थ जोन के द्वारा कराया गया।जिसमे मुख्य अतिथी के रूप में पूर्व चेयरमैन जमील सिद्धकी द्वारा खिलाडियो को पुरुस्कृत किया गया। जिसमें बृजमनगंज नगर पंचायत में स्थित वीर भद्र फिटनेस जिम के तरफ से 4 बच्चे (आलोक वर्मा, कृष्णा चौरसिया सूजल वर्मा, अभिषेक जायसवाल) ने भाग लिया।जिसमे ओवर आल पावरलिफ्टिंग चैम्पियन में आलोक वर्मा s/o संजय वर्मा उम्र 21वर्ष बॉडी वेट 83Kg ने 218 kg डेडलिफ्ट लगाकर प्रथम स्थान हासिल किया।जिनको प्राइज के रूप में गोल्ड मेडल और 3001 रु० धनराशि और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। वही दूसरे स्थान पर सूजल वर्मा s/o संजय वर्मा बॉडी वेट-69kg, उम्र 17 वर्ष ने 185kg डेडलिफ्ट लगाकर हासिल किया जिनको मेडल के साथ सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। वीरभद्र फिटनेस जिम के ओनर श्याम जायसवाल ने बताया की हमारे आसपास ऐसी बहुत सी प्रतिभाएं छिपी हैं जिन्हे आगे लाने के लिए भरपूर प्रयास करना चाहिए बच्चों का भविष्य उज्जवल हो बच्चे एक दूसरे से प्रेरणा लेकर अपने प्रतिभाओं के माध्यम से आगे बढ़ सके जिसमें हम जैसे लोगों को आगे आना पड़ेगा और बच्चों में छुपी प्रतिभाओं को सामने लाते हुए उन्हें एक नई उड़ान देने के लिए भरसक प्रयास करते रहना होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व चेयरमैन जमील सिद्दीकी सिद्धार्थनगर प्रेस क्लब अध्यक्ष एमपी गोस्वामी सहित टीम के सदस्य कार्यकर्ता दर्शक आदि लोग मौजूद रहे।




## ए0पी0एस0 चोलापुर के एक छात्र एवं तीन छात्राए प्रदेश की जूनियर कैरम टीम में हुआ चयन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी । आगामी 1 फरवरी से 4 फरवरी 2023 तक मुम्बई (महाराष्ट्र) के शिवाजी पार्क (हॉल) में आयोजित 47वीं जूनियर नेशनल कैरम चैम्पियनशिप 2023 में उत्तर प्रदेश की जूनियर (अण्डर-18) बालकों एवं बालिका कैरम टीम में श्री आदित्य नारायण सिंह पब्लिक स्कूल चोलापुर की तीन छात्रायें अंशिका सिंह, आँचल यादव, सलोनी मिश्रा तथा एक छात्र तेजस्व मिश्रा का हुआ चयन उक्त छात्र - छात्राएं 29 जनवरी 2023 को प्रदेश की कैरम टीम के साथ मुम्बई जायेंगी` बच्चों की इस सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सन्तोष कुमार सिंह, सहायक निदेशिका दिव्या सिंह सहित समस्त विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है और दी शुभकामनाये।

## एशिया के ताकतवर व्यक्ति ने किया ध्वजारोहण



प्रखर पिंडरा वाराणसी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सी एफ आई मॉडल स्कूल दिनदासपुर में एशिया एवं भारत के सबसे ताकतवर व्यक्ति के सम्मान से सम्मानित एवं गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने वाले मनोज चोपड़ा का मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय पहुचने पर भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में उनके द्वारा ध्वजारोहण तथा नवनिर्मित बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन किया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहनीय प्रस्तुति की। मनोज चोपड़ा ने बच्चों के समक्ष अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए बच्चों को शिक्षित, अनुशासित एवं ताकतवर बनते हुए एक उत्कृष्ट नागरिक बनकर भारत को विश्व गुरु बनाने का संकल्प दिया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत आर जेम्स ,एडमिन अनिल स्वरूप एवं अन्य स्कूल के शिक्षक उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में गणतंत्र दिवस की धूम

चंदवक। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय प्रधानाचार्य श्री घनश्याम सिंह के नेतृत्व में ध्वजारोहण किया गयो 74 वें गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए देश की आजादी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में बच्चों ने बतायो अंशिका गुप्ता, कशिश शेख,ज्योत्सना गुप्ता, शिवानी चौबे, फिजा बानो, रिया यादव,श्रेया चौबे,नेहा कनौजिया, ने बच्चों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में प्रेरित कर कर्तव्य नैतिकता और ईमानदारी के साथ अपने कार्यों को करने पर जोर दिया।विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को भाव विभोर कर दिया। प्रिंसिपल श्री घनश्याम सिंह ने उपस्थित जनो के प्रति आभार जताया। विद्यालय के शिक्षक विकास पाण्डेय, जनार्दन नवीक, नसीम अहमद, संदीप, अंजलि,सीखा, अंशु,पूजा, योगेंद्र कुमार, निशा,व अन्य ने देश की आजादी के संबंध में विस्तार से बताया।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी सेतु क्षतिग्रस्त, भारी वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित

चंदवक, जौनपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर चंदवक में गोमती नदी पर तीस साल पूर्व बना डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सेतु तकनीकी जांच में क्षतिग्रस्त पाया गया है।जिसके कारण बीस टन से अधिक भार के वाहनों का परिचालन जिलाधिकारी के आदेश पर प्रतिबंधित कर दिया गया है।राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा आदेश के अनुपालन में चंदवक व मोढ़ेला बाजार में दस फिट ऊंचा वैरियर लगा दिया गया।बीस टन से ऊपर के सभी भार वाहन अगले आदेश तक प्रतिबंधित रहेंगे। गुजरात के मोरबी की घटना के बाद प्रदेश सरकार ने सभी पुलों की तकनीकी जांच का आदेश दिया था।राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा जांच करायीं तो अत्यधिक भारी वाहनों के आवागमन के कारण पुल की वियरिंग पैड फटी हुई पाई गई।एक्सपेंशन प्वाइंट में असमान गैप पाया गया।इसके अलावा वियरिंग कोट उखड़ गई है जिसके कारण वियरिंग कोट में इस्तेमाल की गई छड़े बाहर दिखाई दे रही है।तकनीकी विशेषज्ञों ने अपनी रिपोर्ट में बीस टन से अधिक भार के वाहन का आवागमन प्रतिबंधित करने की सिफारिश की थीं।राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने जिलाधिकारी से भारी वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित करने का अनुरोध किया था।जिलाधिकारी के आदेश पर भारी वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित करने के लिए चंदवक व मोढ़ेला बाजार में वैरियर लगा दिया गया है।इस संबंध में थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश का अनुपालन किया जा रहा है।बीस टन से अधिक भार के वाहन का आवागमन प्रतिबंधित रहेंगा।

## मेधावी का पूर्व एमएलसी ने किया सम्मानित



प्रखर पिंडरा वाराणसी। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व शिक्षक एमएलसी चेतनारायण सिंह ने कहाकि प्रतिभा पहचान की मोहताज नही होती। उन्हें बस अवसर की तलाश होती है। उक्त बातें शनिवार को खालिसपुर स्थित संत नारायण बाबा इंटर कालेज में जिले में स्थान प्राप्त मेधावी छात्रों के सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहाकि सरकार द्वारा जिस तरह मेधावी का सम्मान किया जा रहा उससे न केवल उन्हें सम्मान मिलेगा बल्कि उन्हें आगे पढ़ाई में भी मदद मिलेगी। समारोह की अध्यक्षता एडवोकेट व प्रबन्धक श्रीप्रकाश मिश्रा व संचालन हेमन्त मिश्रा व स्वागत मीना मिश्रा ने किया। समारोह के दौरान जिले में हाईस्कूल की परीक्षा में 5 वा स्थान प्राप्त अनुज कुमार सिंह, 7 वा स्थान प्राप्त शिवम वर्मा तथा सूरज प्रजापति को विद्यालय प्रबन्ध समिति द्वारा 5-5 हजार रुपये नगद दिए गए। विदित हो कि एक दिन पूर्व प्रदेश सरकार जिले पर उन दोनों मेधावी को 21 हजार का चेक व टेबलेट देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में हुए कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य जियाराम पटेल, सुशील सिंह, शीतला गुप्ता, भैयालाल प्रजापति, राधेश्याम यादव, धर्मेंद्र प्रजापति, अजय यादव समेत अनेक गणमान्य लोग रहे।

# सानिया का सपना टूटा, अपने आखिरी ग्रैंडस्लैम में उपविजेता बनकर किया संतोष

एजेंसी ⏭ मेलबर्न

भारत की स्टार खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने अपने जोड़ीदार हमवतन रोहन बोपन्ना के साथ शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल में उपविजेता रहकर अपने गैंडस्लैम कॅरियर का समापन किया। सानिया ने अपने कॅरियर में छह ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं जिसमें तीन महिला युगल और इतने ही मिश्रित युगल खिताब शामिल हैं। सानिया और बोपन्ना की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी को रॉड लेवर एरेना में खेले गए फाइनल में लुइसा स्टेफनी और राफेल माटोस की ब्राजीलियाई जोड़ी से 6-7 (2) 2-6 से हार का सामना करना पड़ा।

■ ब्राजीलियाई जोड़ी से 6-7 (2) 2-6 से मिली हार




## सानिया हुई भावुक

सानिया मैच के बाद भावुक हो गई और बमुश्किल अपने आंसू थाम पाई। उन्होंने कहा, 'अगर मैं रोती हूं तो यह खुशी के आंसू होंगे। मुझे अभी दो और टूर्नामेंट में हिस्सा लेना है लेकिन मेरे पेशेवर कॅरियर की शुरुआत मेलबर्न से हुई थी। मिश्रित युगल में रोहन मेरा पहला जोड़ीदार था। तब मैं 14 साल की थी और हमने राष्ट्रीय खिताब जीता था। यह 22 साल पुरानी बात है और मैं अपने कॅरियर का अंत करने के लिए उससे बेहतर व्यक्ति के बारे में नहीं सोच सकती। वह मेरा सर्वश्रेष्ठ मित्र और मेरे सर्वश्रेष्ठ जोड़ीदारों में से एक है।'

## भारत की सबसे सफल खिलाड़ी

सानिया अभी 36 साल की हैं और उन्होंने पहले ही घोषणा कर दी थी कि दुबई में अगले महीने होने वाली डब्लूटीए प्रतियोगिता उनके कॅरियर का आखिरी टूर्नामेंट होगा। वह भारत की सबसे सफल महिला टेनिस खिलाड़ी हैं। सानिया ने महेश भूपति के साथ मिलकर 2009 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और 2012 में फ्रेंच ओपन का मिश्रित युगल खिताब जीता था। उन्होंने 2014 में ब्राजील के ब्रूनो सोरेस के साथ मिलकर अमेरिकी ओपन का मिश्रित युगल खिताब अपने नाम किया था। रॉड लेवर एरेना में उनका रिकॉर्ड अच्छा रहा है। उन्होंने यहां महिला युगल और मिश्रित युगल का खिताब जीता है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वह चार बार उपविजेता भी रही है।



## फाइनल में कल भिड़ेंगे जोकोविच-सिटसिपास

सर्बिया के चौथे वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच ने गैर वरीय अमेरिकी खिलाड़ी टॉमी पॉल पर 7-5, 6-1, 6-2 की जीत से ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में प्रवेश किया जिसमें वह रविवार को तीसरे वरीय स्टेफानोस सिटसिपास के सामने होंगे। जोकोविच इस तरह मेलबर्न पार्क में 10वीं चैंपियनशिप और 22वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने से महज एक मैच दूर हैं। जोकोविच सेमीफाइनल में शुरू में लड़खड़ाये लेकिन उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में लगातार जीतने की लय 27 मैच कर ली जो 1968 से शुरू ओपन युग में सबसे लंबी है। अब वह रविवार को सिटसिपास के सामने होंगे जिन्होंने तीसरे सेट में दो मैच प्वाइंट गंवाने के बाद अच्छी वापसी करके कारेन खाचनोव को चार सेट तक चले मैच में हराकर पहली बार मेलबर्न पार्क के फाइनल में जगह बनाई। सिटसिपास ने यह मैच आखिर में 7-6 (2), 6-4, 6-7 (6), 6-3 से जीता।

## रिबाकिना-सबालेंका में होगा खिताबी मुकाबला

*विंबलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना ने विक्टोरिया अजारेंका को 7-6, 6-3 से हराकर महिला एकल फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना बेलारूस की एरिना सबालेंका से होगा। वहीं दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी सबालेंका ने गैर वरीय मागडा लिनेटे को 7-6, 6-2 से हराया। लिनेटे 30 प्रयासों में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में पहुंची थी जबकि सबालेंका ने नौवी बार अंतिम चार में जगह बनाई। इस साल सबालेंका का जीत का रिकॉर्ड 10-0 हो गया है और वह सभी 20 सेट जीत चुकी है।*



## खबर संक्षेप



### भारत को आक्रामकता लाने की जरूरत

ईस्ट लंदन। भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को फाइनल से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले त्रिकोणीय टी20 क्रिकेट श्रृंखला के मैच में अपने रवैए में आक्रामकता लानी होगी। वेस्टइंडीज के पहले तीनों मैच गंवाने के कारण भारत और दक्षिण अफ्रीका पहले ही फाइनल में जगह बना चुके हैं। ऐसे में दो फरवरी को होने वाले फाइनल से पहले यह मैच उसकी 'ड्रेस रिहर्सल' की तरह होगा। पारी का आगाज कर रही यास्तिका भाटिया पावरप्ले में आक्रामक रवैया अपनाने में नाकाम रही है।

### आर्चर इंग्लैंड की अंतिम एकादश में शामिल

ब्लोमफोंटेन। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को करीब दो साल बाद शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के लिये इंग्लैंड के अंतिम एकादश में चुना गया। आर्चर ने अंतिम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मार्च 2021 में खेला था और पिछला वनडे सितंबर 2020 में खेला था। वह कोहनी और पीठ की चोट के कारण टीम से बाहर थे और वनडे श्रृंखला के लिए अपनी फिटनेस साबित करने के लिए दक्षिण अफ्रीकी घरेलू टी20 लीग में खेल रहे थे।



### मेरे अनुबंध की समीक्षा होगी: रीड

राउरकेला। भारत के मुख्य कोच ग्राहम रीड का अनुबंध भले ही 2024 में होने वाले पेरिस ओलंपिक तक है लेकिन हॉकी विश्व कप में मेजबान टीम के जल्दी बाहर हो जाने के बाद उनके करार की समीक्षा किए जाने की संभावना है। भारतीय टीम 22 जनवरी को भुवनेश्वर में खेले गए क्रॉसओवर मैच में न्यूजीलैंड से पेनल्टी शूटआउट में हार गई थी जिससे वह विश्वकप के क्वार्टर फाइनल में जगह नहीं बना पाई। कई हॉकी दिग्गज टीम की इस नाकामी के लिए रीड को जिम्मेदार मानते हैं।



### शीर्ष पहलवान जगरेब ओपन से हटे, कहा- तैयार नहीं

नई दिल्ली। शीर्ष पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया सहित आठ पहलवानों ने आगामी जगरेब ओपन से हटने का फैसला किया और कहा कि वे टूर्नामेंट के लिए तैयार नहीं हैं जबकि अंजू ने चोट के कारण यह निर्णय लिया। दिग्गज मुक्केबाज एमसी मेरीकॉम की अध्यक्षता वाली नवनियुक्त निगरानी समिति ने क्रोएशिया की राजधानी में एक फरवरी से शुरू हो रही रैंकिंग सीरीज के लिए बुधवार को 36 सदस्यीय भारतीय टीम पहलवानों को चुना था। पहलवानों ने जंतर मंतर पर तीन दिन के धरने के दौरान कहा था कि वे कुश्ती महासंघ को भंग करने और इसके प्रमुख को बर्खास्त करने तक किसी भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेंगे।

### क्रिकेट : तीन मैचों की सीरीज में 0-1 से पिछड़ी भारतीय टीम

# न्यूजीलैंड ने भारत को 21 रन से हराया, सुंदर का अर्धशतक बेकार

एजेंसी ⏭ रांची

न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत को 21 रन से हराया। न्यूजीलैंड ने छह विकेट पर 176 रन बनाने के बाद भारत को नौ विकेट पर 155 रन पर रोक दिया।एकदिवसीय श्रृंखला के तीसरे मैच में 138 रन की पारी खेलने वाले सलामी बल्लेबाज कॉनवे ने शानदार लय जारी रखते हुए 35 गेंद में सात चौके और एक छक्का की मदद से 52 रन बनाए।

डेरिल मिचेल ने 59 रन बनाए। भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर ने 28 गेंद में 50 रन बनाए जबकि सूर्यकुमार यादव ने 34 गेंद की पारी में छह चौके और दो छक्को से 47 रन बनाए। सुंदर ने अपनी पारी में पांच चौके और तीन छक्के जड़े। उन्होंने गेंदबाजी में भी कमाल करते हुए चार ओवर में चार ओवर में 22 रन देकर दो विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत काफी खराब रही। टीम ने चौथे ओवर में 15 रन तक तीन विकेट गंवा दिए।



**कॉनवे का 9वां अर्धशतक**

न्यूजीलैंड के ओपनर डेवोन कॉनवे ने शुक्रवार को भारत के खिलाफ रांची के जेएससीए स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टी20 इंटरनेशनल में शानदार अर्धशतक जमाया। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने केवल 31 गेंदों में सात चौके और एक छक्के की मदद से अपना 9वां टी20 इंटरनेशनल अर्धशतक जमाया। कॉनवे भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के बाद दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं, जिनकी टी20 इंटरनेशनल प्रारूप में 50 की औसत है। यहां कम से कम 1000 से ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की बात की गई है।

### स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| एलेन का सूर्यकुमार बो सुंदर | 35 | 23 | 4 | 2 |
| कॉनवे का हुड्डा बो अर्शदीप | 52 | 35 | 7 | 1 |
| चैपमैन का एवं बो सुंदर | 00 | 04 | 0 | 0 |
| फिलिप्स का सूर्या बो कुलदीप | 17 | 22 | 1 | 0 |
| डेरिल मिचेल नाबाद | 59 | 30 | 3 | 5 |
| माइकल ब्रेसवेल रन आउट | 01 | 02 | 0 | 0 |
| सैंटनर का त्रिपाठी बो मावी | 07 | 05 | 1 | 0 |
| ईश सोढ़ी नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 176/6

गेंदबाजी : पंड्या 3-0-33-0, अर्शदीप 4-0-51-1, सुंदर 4-0-22-2, हुड्डा 2-0-14-0, उमरान 1-0-16-0, कुलदीप 4-0-20-1, मावी 2-0-19-1

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गिल का ऐलन बो सैंटनर | 07 | 06 | 1 | 0 |
| इशान किशन बो ब्रेसवेल | 04 | 06 | 1 | 0 |
| त्रिपाठी का कॉनवे बो डफी | 00 | 06 | 0 | 0 |
| सूर्यकुमार का ऐलन बो सोढी | 47 | 34 | 6 | 2 |
| पंड्या का एवं बो ब्रेसवेल | 21 | 20 | 1 | 1 |
| सुंदर का डफी बो फर्ग्यूसन | 50 | 28 | 5 | 3 |
| हुड्डा स्ट. कॉनवे बो सैंटनर | 10 | 10 | 0 | 1 |
| मावी रन आउट (सैंटनर) | 02 | 03 | 0 | 0 |
| कुलदीप का कॉनवे बो फर्ग्यूसन | 00 | 01 | 0 | 0 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 00 | 06 | 0 | 0 |
| उमरान मलिक नाबाद | 04 | 01 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 10, कुल: 20 ओवर में 155/9

गेंदबाजी : डफी 3-0-27-1, ब्रेसवेल 4-0-31-2, सैंटनर 4-1-11-2, फर्ग्यूसन 4-1-33-2, सोढ़ी 3-0-30-1, टिकनर 2-0-23-0.

# भारत ने अंडर-19 महिला विश्व कप के फाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ⏭ पोटचेफस्ट्रूम

भारत ने अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में शुक्रवार को न्यूजीलैंड को आठ विकेट से शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। पार्श्वी चोपड़ा ने 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 107 रन ही बना सकी। भारतीय टीम ने श्वेता सहरावत की 45 गेंद में नाबाद 61 रन की पारी के दम पर महज 14.2 ओवर में दो विकेट गंवा कर जीत दर्ज कर ली।

'प्लेयर ऑफ द मैच' सोलह साल की लेग स्पिनर पार्श्वी ने न्यूजीलैंड की पारी का तीसरा, चौथा और पांचवां विकेट चटकाया जिससे टीम का स्कोर 13वें ओवर में पांच विकेट पर 74 रन था। टिटास साधु, मन्नत कश्यप, कप्तान शेफाली वर्मा और अर्चना देवी ने एक-एक विकेट लिए। फाइनल में भारत के सामने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता की चुनौती होगी।

### सर्वाधिक 35 का स्कोर

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज यहां के सेनवेस पार्क मैदान में रन बनाने के लिए जूझते दिखे। टीम के लिए जॉर्जिया प्लिमर (35), इसाबेल गेज (26), इजी शार्प (13) और केली नाइट (12) ही दोहरे अंक में रन बना सके।

### श्वेता-सौम्या ने जोड़े 62 रन

जीत के लिए 108 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने शेफाली (10) का विकेट जल्दी गंवा दिया। शेफाली इस टूर्नामेंट में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी। कप्तान के पवेलियन लौटने के बाद श्वेता और सौम्या तिवारी (22) दूसरे विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी कर टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया। श्वेता ने 15वें ओवर में चौका जड़कर टीम का जीत दिला दी। उन्होंने अपनी नाबाद पारी में 10 चौके लगाए। जी तृषा पांच रन पर नाबाद रही।

**महिला टी20 विश्व कप के लिए की अधिकारियों की घोषणा**

# लक्ष्मी, वृंदा राठी और जननी आईसीसी की पैनल में शामिल

एजेंसी ⏭ दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आगामी महिला टी20 विश्व कप के लिए सभी महिला मैच अधिकारियों के पैनल (समिति) की शुक्रवार को घोषणा की जिसमें भारत की जीएस लक्ष्मी, वृंदा राठी और जननी नारायणन की तिकड़ी भी शामिल है।

यह पहली बार है जब आईसीसी ने किसी विश्व कप के लिए सभी महिला मैच अधिकारियों के पैनल की घोषणा की। इस समिति में तीन मैच रेफरी और 10 अंपायर हैं। आईसीसी के लिए 13 महिलाओं के पैनल के नामों की घोषणा करना ऐतिहासिक क्षण है। यह क्रिकेट में महिलाओं की भागीदारी और दृश्यता को आगे बढ़ाने की आईसीसी की रणनीतिक महत्वाकांक्षा का हिस्सा है।



### टी20 विश्व कप 2023 के मैच अधिकारी

मैच रेफरी : जीएस लक्ष्मी (भारत), शैंड्रे फ्रिट्ज (दक्षिण अफ्रीका), मिशेल परेरा (श्रीलंका)। अंपायर : सू रेडफर्न (इंग्लैंड), एलोइस शेरिडन (ऑस्ट्रेलिया), क्लेयर पोलोसाक (ऑस्ट्रेलिया), जैकलीन विलियम्स (वेस्टइंडीज), किम कॉटन (न्यूजीलैंड), लॉरेन एजेनबाग (दक्षिण अफ्रीका), अन्ना हैरिस (इंग्लैंड), वृंदा राठी (भारत), एन जननी (भारत), निमाली परेरा (श्रीलंका)।

### भारत ने जापान को 8-0 से रौंदा 9वें स्थान से अभियान खत्म

*भुवनेश्वर। हॉकी विश्व कप में सब कुछ लुटा चुकी टीम इंडिया अंतिम मुकाबले में होश में आई। फील्ड गोल भी किए और पेनाल्टी कार्नर से भी सफलता हासिल की। कप्तान हरमनप्रीत भी होश में आए और दो गोल दाग दिए। वो भी दोनों पेनाल्टी कार्नर से। राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए क्लासिफिकेशन मैच में एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता जापान को 8-0 से पराजित कर मेजबान टीम बमुश्किल 9वां स्थान हासिल किया। इसके पहले भारतीय टीम 1986 विश्व कप में 12वें स्थान पर रही थी। जापान की टीम पूरे टूर्नामेंट में सिर्फ दो गोल ही कर सकी।*



### तनिषा-अश्विनी, लक्ष्य सेन हारे, भारतीय चुनौती खत्म

जकार्ता। भारत के लक्ष्य सेन का शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में एशियाई खेलों के चैंपियन जॉनाथन क्रिस्टी के हाथों हार के साथ ही इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में प्रभावशाली अभियान समाप्त हो गया। विश्व में 12वें नंबर के खिलाड़ी सेन पहला सेट जीतने का फायदा नहीं उठ पाए और स्थानीय खिलाड़ी क्रिस्टी से 62 मिनट तक चले मैच में 21-15, 10-21, 13-21 से हार गए। तनिषा क्रेस्टो और अश्विनी पोनप्पा की नई महिला युगल जोड़ी क्वार्टर फाइनल में जापान की युकी फुकुशिमा और सायाका हिरोटा से 13-21, 18-21 से हार गईं। उनकी हार के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त हो गया।

### गत चैंपियन ने नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हराया

# फाइनल में जर्मनी से होगा बेल्जियम का सामना

एजेंसी ⏭ भुवनेश्वर

**हॉकी विश्व कप**

गत चैंपियन बेल्जियम शुक्रवार को यहां पिछले दो चरण की उप विजेता नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हराकर एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के फाइनल में पहुंची जिसमें रविवार को उसका सामना जर्मनी से होगा। बेल्जियम और नीदरलैंड कलिंग स्टेडियम में सेमीफाइनल में नियमित समय में 2-2 की बराबरी पर रहीं जिससे फैसला शूटआउट से हुआ। जर्मनी ने पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराया।

शुक्रवार को अंतिम चार का मुकाबला 2018 का दोहराव रहा जिसमें बेल्जियम ने नीदरलैंड को इसी स्थल पर पेनल्टी शूटआउट में (3-2) हराया था जबकि दोनों टीमें नियमित समय में कोई गोल नहीं कर सकीं थीं। बेल्जियम के लिए नियमित समय में स्टार स्ट्राइकर टॉम बून (27वें मिनट) और निकोलास डि कर्पल (45वें मिनट) ने गोल किए जबकि नीदरलैंड की ओर से गोल पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ जिप यानसेन ने 12वें और 36वें मिनट में दागे।




### पिलाट की दूसरे हाफ में हैट्रिक

स्टार ड्रैग फ्लिकर गोंजालो पिलाट की दूसरे हाफ में हैट्रिक से जर्मनी ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 4-3 से हराकर पांचवीं बार फाइनल में प्रवेश किया। पिलाट ने 43वें, 52वें और 59वें मिनट में पेनल्टी कार्नर से गोल किए, जबकि 'प्लेयर ऑफ द मैच' निकलास वेलेन (60वें) ने मैच खत्म होने से चंद सेकेंड पहले गोल कर ऑस्ट्रेलिया के खेमे को हतप्रभ कर दिया। ऑस्ट्रेलिया टीम के लिए जेरेमी हेवर्ड (12वें), नाथन एफ्राम्स (27वें) और ब्लेक गोवर्स (58वें) ने गोल किए। ऑस्ट्रेलिया अब रविवार को कांस्य पदक का मुकाबला खेलेगा।

# विश्व रैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ 33वें स्थान पर मनिका



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा विश्व टेबल टेनिस महासंघ की ताजा विश्व रैंकिंग में महिला वर्ग में 33वें स्थान पर पहुंच गई हैं जो उनके कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। पिछले साल नवंबर में एशियाई कप में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाली 27 वर्षीय मनिका पिछले सप्ताह दोहा में डब्लूटीटी कंटेंडर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची थी। इससे उन्हें 140 रैंकिंग अंक मिले थे। पुरुष वर्ग की रैंकिंग में अनुभवी शरत कमल दो पायदान आगे 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि जी साथियान एक पायदान नीचे 40वें स्थान पर खिसक गए हैं।

## क्या आप जानते हैं?

- कागज का आविष्कार चीन के ली यैंग में रहने वाले साई लुन ने 105 ई. में पुराने काटे गए मछली पकड़ने वाले जालों से किया।
- मिस्र की नील नदी के किनारे बहुतायत में उगने वाले 'पपायरस' नामक पौधे के नाम पर 'पेपर' शब्द बना।
- 1690 में जर्मनी स्थित पेनसिल्वेनिया शहर में विलियम रिटेनहाऊस ने पहली पेपर मिल का निर्माण किया।
- पेड़ों की लकड़ी के गुद्दे से निकलने वाले सैलुलोस फाइबर से कागज बनाया जाता है।
- 793 ईस्वी में अन्य देशों को कागजा के बारे में पता चला।



## मैथ्स की जानकार

आमतौर पर मधुमक्खियों को मेहनती होने के कारण जाना जाता है, लेकिन ये गणित में भी होशियार होती हैं। वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में पता लगाया है कि मधुमक्खियां एक ही नजर में नंबरों को पहचान सकती हैं। वैज्ञानिकों द्वारा किए गए इस अध्ययन में पता चला है कि मधुमक्खियां दो या तीन बिंदुओं के नमूने को आसानी से पहचान लेती हैं। साथ ही अगर उन्हें थोड़ी स्कूली शिक्षा भी दी जाए, तो तीन और चार की भी पहचान कर सकती हैं। अब वैज्ञानिक इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या मधुमक्खियां आधारभूत गणना कर सकती हैं। मधुमक्खियों के विभिन्न अंकों को पहचानने की क्षमता उन्हें परागों को ढूंढने में मददगार साबित हो सकती है, चाहे वे अपने छत्ते से कितनी ही दूर क्यों न हों। कबूतर, डॉल्फिन और बंदरों में भी नंबरों को पहचानने की क्षमता होती है।



## >> जिज्ञासा

## किसने बनाई कुतुबमीनार

बच्चो, कुतुबमीनार के बारे में ज्यादातर लोगों में भ्रांतियां पाई जाती हैं। इसलिए इस इस प्रश्न का उत्तर ठीक से पढ़ना जरूरी है। कुतुबमीनार का निर्माण कुतुबुद्दीन ऐबक ने 1193 में शुरू करवाया था। पर ऐबक केवल काम शुरू ही करवा सका था कि उसकी मृत्यु हो गई। इल्तुतमिश ने जो ऐबक के बाद दिल्ली की गद्दी पर बैठा, इसमें तीन मंजिलें जुड़वाईं।

फिर कुतुबमीनार में आग लगने के बाद उसका पुनर्निर्माण फिरोजशाह तुगलक के समय हुआ। इस प्रश्न का उत्तर देते समय प्रतियोगी परीक्षा में बैठने वाले जल्दबाजी में गड़बड़ कर जाते हैं। याद रहे कि काम शुरू ऐबक ने करवाया था और पूरा करवाया इल्तुतमिश ने और 1386 में मीनार को दुर्घटना के बाद दुरुस्त करवाया फिरोजशाह तुगलक ने। कुछ इतिहासकार मानते हैं कि कुतुबुद्दीन ऐबक के नाम पर ही इस मीनार का नाम पड़ा, जबकि कुछ बताते हैं कि बगदाद के संत कुतुबद्दीन बख्तियार काकी के नाम पर इस मीनार का नाम कुतुबमीनार पड़ा। काकी बाद में भारत में आकर ही रहे। इल्तुतमिश इन्हें बहुत मानता था। 72.5 मीटर ऊंची यह मीनार यूनैस्को की विश्व धरोहर स्मारकों की सूची में भी शामिल है।



# पैशन का पैराशूट



**आसमान** में उड़ना अपने आप में एक रोमांचक अनुभव है। सदियों से मनुष्य की इच्छा आसमान में उड़ने की रही है। इसीलिए वह उड़ने की कई असफल कोशिशों के बाद आखिर उड़ने में सफल हो गया। उसने जहाज, रॉकेट आदि कई तरह के उपकरणों को बनाया। मगर खुले रूप में आसमान में उड़ने की ख्वाहिश वैसी की वैसी ही रही। आज हम आपको मानव की जिस खोज के बारे में बता रहे हैं, वह ऐसी है, जो शायद इसी ख्वाहिश को पूरा करती है। जी हां यह खोज है– पैराशूट। इसके माध्यम से खुले रूप में आसमान में उड़ने का आनंद लिया जाता है। पैराशूट के साथ उड़ने का अनुभव जहाज में उड़ने के अनुभव से बिल्कुल अलग तरह का है।



प्यारे बच्चो, आसमान में उड़ने की चाह सबके मन में होती है। आइए आज आपको पैराशूट और इससे जुड़े तथ्यों के बारे में बताएं...

आज इसके बिना वायुसेना का कोई भी पायलट जहाज में नहीं बैठता, पर आपको बता दें कि यात्री विमानों में पायलटों के लिए के लिए पैराशूट का उपयोग करना मना है।

मगर पैराशूट की खोज इतनी आसानी से नहीं हुई। इसके लिए लोगों को बहुत मेहनत करनी पड़ी। यहां तक कि कुछ लोगों को तो अपनी जान तक से हाथ धोना पड़ा। तब कहीं जाकर पैराशूट का वर्तमान स्वरूप हमारे सामने आया। मगर इस खोज पर काम करने वाले लोगों में इतना पैशन था कि वह अपने काम से पीछे नहीं हटे।

कहते हैं सबसे पहला पैराशूट इटली के प्रसिद्ध वैज्ञानिक ल्युनार्दो दसी ने आज से लगभग 500 साल पहले बनाया था, बहुत से लोगों ने इस में सुधार किए और कई नए डिजाइन के पैराशूट बनाए। 1783 में एक फ्रांसीस डॉक्टर स्वास्तिन लनारमां ने लकडी के ढांचे पर कपडा डालकर पैराशूट बनाया और इसके द्वारा एक ऊंची ईमारत से छलांग लगाई, जिसको देखकर लोग हैरान रह गए।

सन 1797 में एक अन्य फ्रांसीसी आंद्रे गार्निरन ने हवा में उड़ते हुए गुबारे पर से पैराशूट द्वारा छलांग लगाने का प्रदर्शन किया। यह कारनामा पैरिस के हजारों लोगो ने देखा। जब गार्निरन का गुब्बारा 3000 फुट की ऊंचाई पर पहुंचा, तो वह रस्सी काट दी गई, जिससे पैराशूट गुब्बारे के साथ बंधा हुआ था। रस्सी के कटते ही पैराशूट तेजी से धरती की ओर आया यह भयानक दृश्य देखकर बहुत से कमजोर लोग के स्त्री पुरुष बेहोश हो गए। लोगों का विचार था कि गार्निरन का पैराशूट नीचे गिर जाएगा और उसकी हड्डीपसली एक हो जाएगी, पर जैसे ही पैराशूट में हवा भरी गई, वह धीरे-धीरे धीमी गति से नीचे उतर आया। 24 जुलाई 1837 को रॉबर्ट काकिंग ने लन्दन के बॉक्स हाल गार्डन में पैराशूट की उड़ान का प्रदर्शन किया। उसने पैराशूट को एक गुबारे के नीचे बांधा और गुबारे को गैस द्वारा हवा में उड़ा दिया। वह स्वयं पैराशूट की टोकरी में खडा था। लोग खुशी से तालियां बजा रहे थे। पांच हजार फुट की ऊंचाई पर पहुंचकर उसने पैराशूट को गुबारे से अलग कर दिया। दुर्भाग्य से पैराशूट का लकड़ी का ढांचा हवा के दबाव से टूट गया और राबर्ट धरती पर गिरकर मर गया। पर मनुष्य हार कहां मनाता है, एक आविष्कार फेल हो जाए, तो दूसरे की खोज में लगा जाता है। वह अपनी हर असफलता से सफलता की सीढ़ी तलाश करता है। इस दुर्घटना के 15 महीने बाद ही एक अंग्रेज हेम्टन ने एक हल्का-फुल्का पैराशूट बनाया। वह इससे हवा में उड़ा और फिर एक उड़ते गुबारे से सफलता पूर्वक नीचे उतर आया।



लकड़ी के ढांचे पर कपड़ा डालकर बनाए जाते थे। फान टासल ने सूती कपड़े की एक छतरी बनाई। उसका यह पैराशूट बहुत लोकप्रिय हुआ। कुछ समय के बाद सूती कपड़े की बजाय रेशमी कपड़े का इस्तेमाल किया जाने लगा, जिससे यह अधिक मजबूत और अधिक हल्का हो गया। अमरीका का एक सैनिक कैप्टन एलबर्ट बेरी पहला व्यक्ति था, जिसने पैराशूट के द्वारा विमान से छलांग लगाई। उसका विमान 55 मील प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ रहा था। यह घटना 1912 की है। उन दिनों जहाज की नई-नई खोज हुई थी और उसकी गति भी बहुत धीमी हुआ करती थी।

पैराशूट के द्वारा अभी तक धरती पर उतरना एक खेल ही समझ जाता था। लोगों के दिमाग में अब तक यह विचार नहीं आया था कि इससे पायलटों को भी मुसीबत के वक्त बचाया जा सकता है। सन 1914 में पहला महायुद्ध शुरू हुआ, तो उसमें बमवर्षा के लिए जहाजों का भी इस्तेमाल किया गया। इसके 21 साल बाद जब दूसरा महायुद्ध हुआ, तो इसमें जहाज चालकों ने पैराशूट का उपयोग किया और इस प्रकार हजारों पायलट मौत के मुंह में जाने से बच गए। अब पैराशूट नायलोन के बनाए जाते हैं। यह बहुत हलके-फुल्के और मजबूत होते हैं। अब इनसे कई तरह के काम लिए जाते हैं। युद्ध आदि के दौरान पैराशूट द्वारा शत्रु के प्रदेश में सेना उतारी जाती है, इसको छाता सेना कहते हैं। इसके अलावा जरूरत के समय गोला-बारूद और खाने-पीने का सामान भी पैराशूट से सेना के मोर्चों में गिराया जाता है। तेज गति से चलने वाले जहाजों को हवाई अड्डे में रोकने के लिए भी पैराशूट का उपयोग किया जाता है। जब इस प्रकार का कोई जहाज धरती पर उतरता है, तो पीछे का पैराशूट खुल जाता है और उसमें हवा भर जाती है। जिससे विमान की गति काम हो जाती है। इस तरह उसको ब्रेक लगाकर आसानी से रोका जा सकता है। अंतरिक्ष यात्री जिस कैप्सूल में बैठकर धरती पर उतारते हैं, उसमें भी पैराशूट लगा होता है। यदि यह न हो, तो कैप्सूल धरती पर गिरकर टुकड़े-टुकड़े ही हो जाए।

## >> बाल कविता

## चूहा और बिल्ली

*इक चूहे नें बिल्ली पाली।*
*आधी पीली आधी काली।*

*पीती दूध और खाए मलाई*
*अच्छी लगती उसे मिठाई।*

*मैगी नूडल्स पिज्जा बर्गर।*
*बातें करती वो फर्र-फ़र्र।*

*करती वो दिन भर आराम।*
*नहीं आती वो किसी के काम।*

*चूहे नें कुछ दिन की सेवा।*
*दिया मलाई फल और मेवा।*

*खाकर बिल्ली हो गई मोटी।*
*हुई चूहे पर नियत खोटी।*

*पलक झपकते पकड़ के खाया*
*अपना ही तो दांव गंवाया।*

*अब न मिलती रोटी सूखी।*
*दिन भर रहती बिल्ली भूखी।*

*सूख के हो गई दुबली-पतली।*
*दिख गया अपना चेहरा असली।*

*अपनी करनी का फल पाया*
*बिल्ली नें सब-कुछ गंवाया।*



# ये हमारा सौरमंडल



**बच्चो** सौरमंडल का जिक्र आते ही आप सूर्य और उसके गिर्द घूमते ग्रहों के बारे में सोचने लग गए होंगे। सभी ग्रह गुरुत्वाकर्षण के कारण सूर्य के गिर्द एक सीमित दूरी और रफ्तार से घूमते रहते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अब हमारे सौरमंडल में नौ ग्रहों की बजाए 8 ग्रह हैं। 2006 में नौवें ग्रह प्लूटो को सौरमंडल से बाहर करके एक बोने ग्रह का दर्जा दे दिया गया था। आइए जानें—

**सूर्य**- यह पृथ्वी से 109 गुणा बड़ा है। इसका पुंज संपूर्ण सौरमंडल के 99.98 प्रतिशत के समकक्ष है। इसमें लगातार आणविक विखंडन होता रहता है, जो हाइड्रोजन को हीलियम में बदलता है। इसकी पीली सतह को फोटोस्फीयर कहते हैं।

**मरक्यूरी ( बुद्ध ग्रह )**- यह हमारे सौरमंडल का सबसे पहला और सबसे छोटा ग्रह है, जो चांद जैसा दिखाई देता है। यह सूर्य की परिक्रमा 87.969 दिनों में पूरी करता है। इस ग्रह पर कोई वातावरण नहीं।

**वीनस- ( शुक्र ग्रह )**- दूसरा ग्रह वीनस पृथ्वी का पड़ोसी ग्रह भी माना जाता है। यह सूर्य की परिक्रमा 224.7 दिनों में पूरी करता है। सबसे चमकदार होने के कारण इसे ध्रुव तारा भी कहा जाता है। प्यार और सौंदर्य की प्रतीक रोमन देवी वीनस पर इसका नाम पड़ा।

**पृथ्वी**-हमारी प्यारी पृथ्वी सौरमंडल के तीसरे ग्रह के रूप में जानी जाती है। केवल इस पर ही जीवन मुमकिन है। यह सूर्य की परिक्रमा लगभग 365 दिनों (1 साल) में पूरी करती है। इसका 71 प्रतिशत भाग पानी से ढंका है, जिस कारण इसे नील ग्रह भी कहा जाता है। इसके वातावरण में 21 प्रतिशत आ सीजन, 78 प्रतिशत नाइट्रोजन है। जीव-जंतुओं और प्रकृति के आधार पर पृथ्वी सौरमंडल का सबसे सुंदर ग्रह है।

**मार्स- ( मंगल ग्रह )** - मंगल को लाल ग्रह भी कहा जाता है, योंकि आयरन ऑक्साइड की ज्यादा मात्रा के कारण इसका रंग लाल प्रतीत होता है। पृथ्वी की तरह ही इसके भी दोनों ध्रुवों पर बर्फ पाई जाती है। सूर्य का च कर यह लगभग 686.98 दिनों में पूरा करता है।

**जूपिटर- ( बृहस्पति )** सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह, जिसमें पृथ्वी जैसे 1 हजार से अधिक ग्रह समा सकते हैं। इसके 63 चांद हैं। यह ग्रह गैसों का विशाल भंडार है, जिसमें 75 प्रतिशत हाइड्रोजन है, जिसके कारण इसके धरातल पर विशाल तूफ़ान चलते रहते हैं।

**सैटर्न ( शनि ग्रह )** - सौरमंडल में छठे स्थान पर दूसरा सबसे बड़ा ग्रह है। इसके कम से कम 62 चंद्रमा हैं। इस ग्रह के चारों ओर मौजूद गोल छल्ले उन बर्फ और पत्थर के टुकड़ों से बने हैं, जो शायद कॉमैट्स और एस्टेरॉइड्स के हिस्से रहे हों। सूर्य का चक्कर लगाने में इसे 29 वर्ष 168 दिन लग जाते हैं।

**यूरेनस**- सातवां ग्रह यूरेनस तीसरा सबसे बड़ा ग्रह है। शनि ग्रह की भांति ही इसके इर्द-गिर्द भी छल्ले हैं। यह सूर्य की परिक्रमा 84 सालों में पूरी करता है।

**नैप्च्यून**- यह सबसे दूरस्थ ग्रह है। सूर्य की परिक्रमा 164.79 सालों में पूरी करता है, लेकिन इसका वर्ष इतना बड़ा है कि इसकी पहली परिक्रमा जुलाई 2011 में पूरी होगी।

# ब्रुकलिन ब्रिज

**ब्रुकलिन** ब्रिज न्यूयार्क की ईस्ट रिवर के आरपार बना है। किसी समय इसे दुनिया का आठवां अजूबा माना जाता था। इस पुल की संकल्पना और इसे बनाने का विचार एक दूरदर्शी इंजीनियर जॉन रोबलिंग को आया था। तब पुलों के विशेषज्ञों ने कहा था कि ऐसा पुल बनाना संभव नहीं है, लेकिन रोबलिंग का प्रोजै ट इतना बढ़िया था कि लोग उसमें पैसा लगाने को तैयार हो गए। रोबलिंग अपना सपना साकार करने में जुट गए। लेकिन परियोजना को शुरू किए अभी थोड़ा ही समय बीता था कि उनकी एक दुर्घटना में मौत हो गई।

### बेटे का संकल्प

पिता की मौत के बाद वाशिंगटन ने अपने पिता के सपने को पूरा करने का बीड़ा उठाया। वह भी इंजीनियर था। लेकिन किस्मत को शायद कुछ और ही मंजूर था। यह परियोजना शुरू हुए अभी कुछ ही समय बीता था कि वाशिंगटन भी एक दुर्घटना का शिकार हो गए। ए सीडैंट में उन्हें कई चोटें आईं, जिनकी वजह से उन्हें कई महीनों तक बिस्तर पर ही रहना पड़ा।

### पत्नी का साथ

वाशिंगटन के ए सीडैंट के बाद उनकी मदद के लिए उनकी पत्नी आगे आई। वह केवल अपनी उंगलियां ही हिला सकते थे। वह अपनी पत्नी की बांह पर उंगलियों से अपनी बात को समझाते और इस तरह अपनी पत्नी के माध्यम से उन्होंने इंजीनियरों को संदेश भेजने शुरू कर दिए। उनकी मदद के लिए उनकी पत्नी ने भी इंजीनियरिंग की शिक्षा हासिल की। कुछ समय बाद जब वाशिंगटन बैठने के काबिल हुए, तो उन्होंने दूरबीन की मदद से पुल के काम पर नज़र रखनी शुरू कर दी।

### सपना हुआ साकार

486 मीटर लंबा यह पुल उस समय का सबसे लंबा झूला पुल था। इसे बनाने में 14 साल लगे थे और जॉन रोबलिंग सहित 19 लोगों ने जान गंवाई। इस पर लागत आई थी- 1.5 करोड़ डॉलर, जोकि उस समय एक बहुत बड़ी रकम थी। यह पुल उस विश्वास की जीत थी, जो बेटे ने पिता पर और पत्नी ने पति पर किया था। उन्होंने दिखा दिया था कि इंसान अगर ठान ले, तो वह कोई भी मुश्किल काम कर सकता है। 24 मई 1883 को पुल खुलने के समय उसकी पूरी लंबाई को बिजली की रोशनियों से सजाया गया था। इस तरह यह संसार का पहला बिजली से रोशन पुल बना।



## हम बताएं, आप बनाएं



# 10वें दिन का धरना क्रमिक अनशन में तब्दील, एक फरवरी को तहसील में होगी तालाबंदी

## हुरमुजपुर मझौली मे 2017 हाईकोर्ट के बेदखली आदेश का अनदेखी क्यों डीएम और एसडीएम जबाव दें-: माले



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भाकपा (माले) अखिल भारतीय किसान महासभा की ओर से गांव समाज बंजर भू माफिया ताकतों से खाली कराकर भूमिहीन घरविहीन गरीबों में आवासीय पट्टा करो, 2017 हाईकोर्ट का बेदखली आदेश हुरमुजपुर मझौली में लागू क्यों नहीं?, डीएम एसडीएम जखनियां जबाव दें। बगैर बैकल्पिक व्यवस्था किए, जा रहे गैरकानूनी बेदखली पर रोक लगाओ, भू-माफियाओं को हुए नियम विरूद्ध आवासीय पट्टा को रद्द करों, हाईकोर्ट 2017 के आदेश का अनुपालन कराओ आदि सवालों को लेकर हुरमुजपुर मझौली गांव में अनिश्चितकालीन धरना 10वें दिन क्रमिक अनशन में तब्दील हो गया। रामबृक्ष मौर्या भूख अनशन पर बैठे है और एक फरवरी को जखनियां तहसील में तालाबंदी करने की चेतावनी दी गई।

10वें धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए रामबृक्ष मौर्य ने कहा कि मैं अपनी भूमिधरी की अराजी सं0 102 में घर मकान बनाकर रह रहा हूं, 132 लैंड की जमीन का अवैध अतिक्रमण और कब्जा नहीं है। लेकिन नायब तहसीलदार सादात और मनिहारी ने जबरिया गैरकानूनी तरीके धौंस धमकी देकर इनका मकान गिरवा दिया। वहीं दूसरी ओर जखनियां एसडीएम तहसीलदार हाईकोर्ट के 2017 आदेश की अनदेखी कर रहे हैं। 20-25 बिगहा के कास्तकार भीटा पर अवैध कब्जा कर बिल्डिंग बनाकर तहसील के अधिकारियों को मोटी रकम देकर हाईकोर्ट के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे हैं इस मामले में तहसीलदार जखनियां के खिलाफ कोर्ट आफ कंन्टेमस है। गांव के लोग हाईकोर्ट 2017 के आदेश के अनुपालन के लिए, 19 जनवरी से हुरमुजपुर में अनिश्चितकालिन धरना पर है। बेदखली की कार्रवाई की बात तो छोड़ दीजिए। लेखपाल अनिकेत यादव अवैध कब्जाधारियो से रिश्तेदारी निभा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ अन्य गांवों में हाईकोर्ट आदेश का हवाला देकर जखनियां के तहसीलदार नायब द्वारा तहसीलदार तहसील क्षेत्र के हुरमुजपुर मझौली, जगदीश पुर गुरुदता, छतमा, मकदुमपुर, माखनपुर में भूमिहीन गरीबों की रिहायशी झोपड़ी को जबरिया गैरकानूनी तरीके से बगैर लिखित आदेश के उजाड़ दिया गया। उनके लिए जमीन समेत आवास पुनर्वास की व्यवस्था नहीं की गई। भूमिहीन और बेघर लोग खुले आसमान के नीचे गुजर बसर करने को विवश है। उन्होंने गैरकानूनी तरीके अपने पद का दुरुपयोग करते हुए भू-माफिया ताकतों के प्रभाव में धौंस धमकी देकर घर गिरवाने वाले अधिकारियों को दंडित करने की मांग उठाई। पूरे जिले में भूमिहीन आवासविहीन गरीबों के रिहायशी झोपड़ी पर बुल्डोजर चला कर उन्हें बेघर कर रहे हैं। उन्होंने हाईकोर्ट के बेदखली आदेश को लागू कराकर, गांव समाज बंजर परती की जमीनों को भूमिहीन दलितों गरीबों में आवासीय पट्टा करने की मांग उठाई। इस दौरान भाकपा (माले) जिला सचिव रामप्यारे राम ने कहा कि योगी सरकार का बुल्डोजर गरीबों के घरों पर ही नहीं उनके रोजी रोटी जीविका संविधान और लोकतंत्र पर चल रहा है। जखनियां तहसील के गांव-गांव में गांव समाज बंजर की जमीनों पर भू-माफिया ताकतों के अवैध कब्जा में हजारों एकड़ जमीनें बेलहरा से लेकर पदुमपुर में पड़ी है लेकिन जखनियां तहसील के अधिकारी भू-माफिया ताकतों को बचा रहे हैं तथा गरीबों को उजाड़ रहे हैं। उन्होंने गैरकानूनी जबरिया बेदखली पर रोक लगने, गांव समाज बंजर की जमीनों पर बसे भूमिहीन आवासविहीन गरीबों का कब्जा नियमित कर तहसील अभिलेख में नाम दर्ज करने की मांग उठाई। धरना -प्रदर्शन को रणधीर सिंह, बेचूं वनवासी, निर्मला देवी, जहीर, रामब्रक्ष मौर्य, सोनी देवी, रीमा देवी, जोगिंदर सिंह, बीरेंद्र पांडेय ने आदि ने सम्बोधित किया।

# शातिर अपराधी/हेरोईन तस्कर को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा शातिर अपराधी/ हेरोईन तस्कर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से 100 ग्राम नजायज मादक पदार्थ हेरोईन बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गयी।

पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर गाजीपुर व क्षेत्राधिकारी नगर गाजीपुर के कुशल पर्यवेक्षण मे 28 जनवरी 2023 को प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह, उ0नि0 शिवाकान्त मिश्रा, कां0 तौहीद अहमद, का0 शैलेन्द्र यादव, हो0गा0 फखरूद्दीन, पीआरडी अमरनाथ व चालक का0 दिलीप कुमार मय सरकारी वाहन UP61G0260 मुखबीरी सूचना के आधार पर फुल्लनपुर गायत्री मन्दिर के पास से शातिर अपराधी शुभम चौबे पुत्र स्व0 अनिल कुमार चौबे निवासी नियाजी मुहल्ला थाना कोतवाली गाजीपुर हालपता गायत्री मन्दिर फुल्लनपुर थाना कोतवाली गाजीपुर को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 100 ग्राम हेरोइन बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। अभि0 शुभम चौबे के विरूद्ध अन्तर्गत धारा एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बच्चों में प्रतिभा का उच्चतम स्तर देखना है तो हमें उनके परीक्षण की कठिनता का स्तर भी बढ़ा देना चाहिए : अविनाश सिंह गौतम

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन जो 24 से 26 जनवरी 2023 को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी के दिन राइफल क्लब में आजादी के अमृत महोत्सव के कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने सहभागिता किया। जिसमें लेखन, साहित्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद विवाद प्रत्योगिता, निबंध, मूर्तिकला इत्यादि का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में इंटर कॉलेज करंडा के छात्र संदीप कुमार ने मूर्ति कला जैसे कठिन कला में भारत माता की मूर्ति बनाई। जिसे देखकर चयन समिति सम्मोहित होकर उसे सहर्ष प्रथम स्थान प्रदान किया और बार-बार शिक्षक के प्रशिक्षण की तारीफ की। शिक्षक के प्रशिक्षण से प्रसन्न होकर जिला विकास



अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक एवं समस्त अधिकारीयों ने शिक्षक को भी प्रशस्ति पत्र देते हुए इंटर कॉलेज करंडा के कला अध्यापक अविनाश सिंह गौतम द्वारा छात्रों में कला के प्रति प्रोत्साहन एवं प्रशिक्षण की भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर श्री गौतम ने कहा कि यदि हमें बालकों की प्रतिभा का उच्चतम स्तर देखना है तो हमें उनके परीक्षण की कठिनता का स्तर भी बढ़ा देना चाहिए तभी हम उनके अन्दर निहित समूची संभावनाओं को तराश सकेंगे। ऐसे आयोजनो से बच्चो को अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका भी मिलता है। प्यारे बच्चे हमारे भविष्य हैं, जो भविष्य की अपार संभावनाएं समेटे हुए हैं। उन्होंने इस सम्मान के लिए चयन मंडल का आभार व्यक्त करते कहा कि बच्चे कुम्हार की माटी है। उन्होंने जितना तरासेंगे वह उतना ही सुंदर बनेंगे।

# वेलफेयर क्लब ने किया चित्रकला प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। वेलफेयर क्लब के तत्वाधान में गत 4 दिसंबर को आयोजित स्वर्गीय उदयनाथ विश्वकर्मा स्मृति चित्रकला प्रतियोगिता का परिणाम आज पीरनगर स्थित प्रधान कार्यालय पर घोषित किया गया, जिसके अनुसार कनिष्ठ वर्ग में अनुष्का यादव रामदूत इंटरनेशनल स्कूल प्रथम, ख्याति सिन्हा सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल द्वितीय, जबकि श्रेया पांडे द प्रेसिडीयम इंटरनेशनल स्कूल तृतीय स्थान पर तथा सांत्वना पुरस्कार के लिए वैष्णवी गहलोत, आराध्या सिंह शर्मा, ईशान वर्मा, राशिका राज का चयन सांत्वना पुरस्कारों के लिए किया गया इसी प्रकार ज्येष्ठ वर्ग में संस्कृति सिंह सेंट मेरिज कॉन्वेंट प्रथम, गंगा तिवारी सेंट मैरीज कॉन्वेंट द्वितीय, वंशिका राज रामदूत इंटरनेशनल को तृतीय, तथा प्रांजल, अनुष्का सिंह, तेजस्विनी, सेंट मेरिज कॉन्वेंट को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया वरिष्ठ वर्ग मैं आकांक्षा शर्मा लूदर्स कॉन्वेंट बालिका इंटर कॉलेज प्रथम, चंद्रमणि कांत रामदूत इंटरनेशनल स्कूल द्वितीय, रिया वर्मा लूदर्स कान्वेंट बालिका इंटर कालेज को तृतीय पुरस्कार के लिए चुना गया जबकि सौरभ सिंह खरवार एवरग्रीन पब्लिक स्कूल को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। क्लब के परीक्षा प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि चयनित प्रथम द्वितीय तथा तृतीय प्रतियोगियों को क्लब द्वारा आयोजित



26 वें वेलफेयर उत्सव में शील्ड तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा सांत्वना तथा प्रोत्साहन पुरस्कारों का वितरण विद्यालय के माध्यम से किया जाएगा। इस अवसर पर पीआरओ सूर्य रैख मणि, क्लब के जनपद गवर्नर पवन पांडे, संयुक्त सचिव रामनाथ कुशवाहा, अजय यादव, प्रमोद कुमार बिंद, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रिंकू यादव, सचिव सहाना जहां आदि उपस्थित रहे।

# आखिर कौन देगा मेहमान परिंदों की सुरक्षा की गारंटी

## वन विभाग के अधिकारी बत्तखों के मरने की संख्या में उलझे, मामला गुजरताल में संदिग्ध तरीके से मरी बत्तखों का

प्रखर खेतासराय जौनपुर। मत्स्य प्रक्षेत्र गुजरताल में कीटनाशक दवाओं से मौत की नींद सुलाई गई बत्तखों की मरने की आंकड़े की संख्या को लेकर वन महकमा उलझ गया है । विशालकाय ताल में प्रजनन के लिए सात समुंदर पार से आने वाली साइबेरियन पक्षी निशाने पर थी जद में चारे के लिए ताल गई बत्तख आ गई । कागजी आंकड़ों को दुरुस्त करने में जुटा महकमा बत्तख की मौत जहर या शिकारियों द्वारा हुई पुष्टि नही कर सका । अलबत्ता जाँच जारी करने का दावा कर रहा महकमा ने शिकंजा में आने पर आरोपियों के खिलाक वन्य जीव अधिनियम के तहत कार्यवाही की बात कही। एशिया में स्थान रखने वाला गुजरताल में कई दशक से मेहमान परिंदो का शिकार बेखौफ किया जा रहा है। अत्यधिक बर्फ पड़ने की वजह से भारत की तरफ रुख करने वाली मनोरम स्थल पर अपना ठिकाना बनाने के बाद यहाँ पर प्रजनन करने के बाद मार्च के पहले सप्ताह तक अपने बच्चे के साथ अपने मुल्क रवाना हो जाते है । लेकिन अफसोस की बात ये है कि मेहमान परिंदो को मांस भक्षण प्रेमी अपना निवाला बना रही है । क्षेत्र के गुजरताल, पोरईकला और सर हदीय ताल पर बीच धारा में कीटनाशक दवा चारे के रूप में विसर्जित करते है, दवा खाते ही मदहोश हो जाती है । पुलिस और वन महकमा पक्षियों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम उठाने में नाकाम साबित हो रही है । क्षेत्र निवासी भास्कर सिंह गुजरताल और पोरईकला में बत्तख का कारोबार करते है । कीटनाशक पदार्थ से उनकी बत्तख की मौत हो



गई। तीन दिन पहले गुजरताल पर पहले दिन करीब दो दर्जन बाद में ये आंकड़ा बढ़ गया। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग प्रवीण खरे ने कहा कि प्रकरण की जांच की जा रही है, अल्बत्ता बत्तख की मौत जहर या शिकारियों द्वारा की गई पुष्टि नही हुई । पकड़े जाने पर दोषियों पर कठोर कार्रवाई होगी ।

**झूठ बोल रहे है वनविभाग के अधिकारी**- खेतासराय (जौनपुर)। तीन दिन के अंतराल में करीब देढ़ सौ बत्तखों की मौत से वन विभाग और प्रशासन में हड़कम्प मचा हुआ है। महकमा मात्र सत्तरह बत्तख की मौत की बात मान रहा है । इन की मौत कैसे हुई इसकी भी जांच कर विभाग स्पष्ट नही कर सका । हालाकि महकमा की कार्रवाई की बात कह रहा है । बत्तख स्वामी भास्कर सिंह ने वनविभाग की जारी बयान को झूठ बताते हुए कहा कि तीन दीन में करीब देढ़ सौ बत्तख की मौत हुई है, मरने का भी सिलसिला जारी है।

# रायफल क्लब परिसर में तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस का समापन

प्रखर गाजीपुर। तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस का समापन मुख्य विकास अधिकारी प्रकाश गुप्ता ने रायफल क्लब परिसर मे किया । जनपद मे 24-26 जनवरी, तक आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर परिसर में विभिन्न विभागो द्वारा प्रदर्शनी लगायी गयी थी। जिसका आमजनमानस ने अवलोकन भी किया तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। प्रदर्शनी में बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा, द्वारा चित्रकला, निबन्ध लेखन, भाषण, वाद-विवाद, मूर्तीकला एवं अन्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ आयोजित किया गया था जिसमे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओ को मेडल एंव प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा समाज कल्याण, पिछड़ावर्ग, अल्पसंख्यक विभाग द्वारा लुदर्स कॉवेन्ट बालका इण्टर कालेज एंव आदर्श इण्टर कालेज के छात्र-छात्राओ को छात्रवृत्ति का प्रमाण पत्र दिया गया। समापन के अवसर पर विभागो द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता ने अपने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमे अपने प्रदेश को ऊचॉइयो पर ले जाने के लिए हमारा क्या कर्तव्य है, हमारी क्या भूमिका है इसके बारे मे हमे विचार करते हुए मंथन करना चाहिए। पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव भी मना रहा। जनपद ने पिछले 70 सालो में काफी उन्नती की है बहुत ही लम्बा सफर तय किया है। हमे यही नही रूकना है इसी तरफ उन्नती करते हुए अपने जनपद को आगे ले जाना है। विभागो द्वारा लगाये गये स्टाल जिसके अवलोकन के माध्यम से आम जनमानस को विभागीय योजनाओ का पता लग सके तथा उसका प्रत्येक पात्रो तक पहुचे तथा उन्हे यह ज्ञात हो सके की जनपद मे क्या-कया कार्य हुए है। यदि हमे प्रदेश को उचाईयो पर ले जाना है तो जनपद को भी उचाईयो पर ले जाना अत्यंन जरूरी है। हमारा उददेश्य जनपद में ज्यादा से ज्यादा एवं बेहतर से बेहतर कार्य कर के दे। बडे-बडे परियोजनाएॅ जनपद में संचालित हो। उन्होने विकास कार्यक्रमो (37 बिन्दूओ पर कार्य) में जनपदस्तरीय अधिकारियों को के कार्यो की सराहना करते हुए बताया कि हमारा जनपद पूरे प्रदेश में प्रथम रैंक हासिल हुआ है, जो प्रथम बार हुआ है। इसके अतिरिक्त हमारे जनपद मे 23 जनवरी को इन्वेस्टर समिट हुआ जिसमें हमारे जनपद का लक्ष्य 300 करोड़ के सापेक्ष 1753 करोड़ रुपए निवेश के आफर चुके है। आज की तारीख में इस जनपद में 1900 करोड़ के निवेश प्राप्त हो चुके है। 10 फरवरी को प्रदेश स्तर पर इन्वेस्टर समिट मे 2000 करोड़ को क्राश कर जनपद में उद्यम/विकास का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया जायेगा। बडे-बडे प्रोजेक्ट के लगने से रोजगार में बढोत्तरी होगी तथा जनपद की जी डी पी मे वृद्धि होगी। प्रदर्शनी में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के इतिहास से सम्बन्धित प्रदर्शनी लगायी गयी थी जिसका मुख्य विकास अधिकारी ने अवलोकन करते हुए सराहना की।

# शोक सभा का आयोजन कर दी गई माँ को श्रद्धांजलि

## संस्थान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं किया गया पुरस्कृत

थानागद्दी। स्थानीय क्षेत्र के सुखमय महिला शिक्षण संस्थान की संस्थापक सदस्य उषा सिंह व संस्थान के संस्थापक स्व मेजर संकठा प्रसाद सिंह की पत्नी का निधन हो जाने पर महाविधालय परिसर में शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। संस्था की संस्थापक उषा देवी का निधन बीते आठ जनवरी को मुम्बई में गया था। महाविद्यालय परिसर स्कूल में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता संस्था की प्रबंधक पूनम सिंह ने की। मौके पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति व शोक संतप्त परिजनों को विपदा सहन करने की शक्ति देने को लेकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस मौके पर मृतक के प्रति सबों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा को संबोधित करते हुए पूनम सिंह ने कहा कि मेरी माँ मिलनसार व दयालु व्यक्तित्व का स्वामी थी। उनका जाना विद्यालय की अपूरणीय क्षति है। इसकी कभी भरपाई नहीं हो सकती। माता पिता के आशीर्वाद से क्षेत्र में बालिका शिक्षा को ध्यान देते हुए आधा दर्जन संस्था की शुरूआत तीन दशक पहले की गई। जिसमें बालिकाओ के लिए प्राइमरी, मिडिल, इंटर कॉलेज, महाविद्यालय, बीएड, बीटीसी सहित फार्मसीय प्रस्तवित है। इस दौरान बच्चों द्वारा विभिन्न सामाजिक विषयों पर नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था में अपनी अपनी कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रोफेसर मधुकर सिंह, ध्रुव सिंह, पूनम सिंह, प्रज्ञा सिंह, प्रणव चौबे, अजय सिंह, राधेश्याम शुक्ला व सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

# संक्षिप्त खबरें

## तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के नियन्त्रण हेतु जनपद में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 28 जनवरी 2023 को प्र0नि0 कोतवाली सैदपुर निर्देशन मे उ0नि0 अशोक कुमार ओझा मय हमराह कर्मचारीगण द्वारा बहदग्राम अमुवारा थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर से अभियुक्त कन्हैया निषाद पुत्र लल्लू उर्फ लालबहादुर निषाद निवासी ग्राम पटना थाना खानपुर जनपद गाजीपुर उम्र करीब 28 वर्ष के पास से 01 अवैध तमंचा .315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0स0-32/23 धारा- 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया है जिसकी विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में उ0नि0 अशोक कुमार ओझा, का0 प्रतमेश कुमार व का0 जयप्रकाश गौड शामिल थे।

## बक्शा पुलिस ने दुष्कर्म के एक नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



प्रखर बक्शा जौनपुर। पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में थानाध्यक्ष बक्शा त्रिवेणी सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 गोपाल जी तिवारी मय हमराह कर्म0गण के देखभाल क्षेत्र तलाश वांछित अपराधी में कुल्हनामऊ में मामूर था कि मुखबिर खास की सूचना पर जौनपुर कुल्हनामऊ मोड़ पहुँचा कि मु0अ0स0 384/22 धारा 323/342/376/420/493/504/506 भादवि से सम्बंधित दुष्कर्म का अभियुक्त कपिलदेव यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी सरौली पूरबपट्टी थाना केराकत जनपद जौनपुर कही जाने की फिराक में जौनपुर कुल्हनामऊ मोड़ पर खड़ा था।एकबारगी दबिश देकर मौके पर उ0नि0 गोपाल जी तिवारी मय हमराह द्वारा समय करीब 12.10 बजे दिन 28.1.2023 गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया गया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह,उपनिरीक्षक गोपाल जी तिवारी,हे0का0रविकान्त यादव,हे0का0 प्रेम बहादुर सिंह शामिल रहे।

## फुलवारी खुर्द प्राथमिक विद्यालय में बड़े हर्सोल्लास के साथ मना 74वां गणतंत्र दिवस



प्रखर सैदपुर गाजीपुर। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय फुलवारी खुर्द में 74वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्सोल्लास के साथ मनाया गया।विद्यालय के सभी स्टाफ के उपस्थिति में विद्यालय के प्रधानाध्यापक पारस नाथ चौहान ने तिरंगा फहराया और भारत माता की पूजा करते हुए शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया व राष्ट्रगान कर तिरंगे को सलामी दी।बता दें कि विद्यालय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने अपने प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया।गौरतलब हो कि विद्यालय के स्टाफ द्वारा बच्चों में कॉपी,पेंसिल और मिठाइयों का वितरण किया गया।इस अवसर पर पारसनाथ चौहान,सिद्धार्थ सिंह,मुन्ना सिंह यादव,इन्द्रा सिंह,पुष्पा यादव,मंजूलता पटेल,पूनम यादव,राधेश्याम यादव,संजय यादव,भागमनी देवी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद पुलिस प्रतिदिन चला रही महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद पुलिस प्रतिदिन महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान चलाया जा रहा है। समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों व एन्टीरोमियो टीम द्वारा मंदिर, बाजारों,स्कूलों/कॉलेजो व प्रमुख मार्गो आदि पर चेकिंग की जा रही। महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत महिलाओं/बलिकाओं को जागरूक भी किया जा रहा है। इस दौरान सड़को पर बेवजह घुमने वाले सोहदों/मनचलों को कड़ी चेतावनी भी दी जा रही है। शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूलों/कॉलेजों, मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है तथा बेवजह घुमने वाले सोहदों/मनचलों को कड़ी चेतावनी दी गयी।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779, +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं